माघ शुक्ल पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 264 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल 09 मार्च 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम



## भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के पहले जश्न का माहौल उधर मंत्रालय में भीषण आग

# कांग्रेस को फिर करारा झटका, पचौरी अपनी टीम समेत भाजपा में शामिल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिछले विधानसभा चुनाव में करारी पराजय से पस्त कांग्रेस को अब भाजपा संभलने का कोई मौका नहीं दे रही है। आज तगड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी,पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेडी,पूर्व विधायक संजय शुक्ला समेत,विशाल पटेल,अर्जुन पलिया, पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष अतुल शर्मा,भोपाल जिला अध्यक्ष रहे कैलाश मिश्रा,डा आलोक चंसोरिया ने भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि कुछ समय पहले भी इन नेताओं के भाजपा में जाने की अटकलें चलीं थी। गजेंद्र सिंह ने कुछ समय पहले चुनाव के समय टिकट न मिलने पर नाराजगी भी जताई थी। तब भी पार्टी छोड़ने की बात आई थी पर वरिष्ठ नेताओं ने मना लिया था। आज भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। सीएम यादव ने कहा कि आगे-आगे राहुल गांधी जा रहे हैं और पीछे से कांग्रेस साफ हो रही है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, 'दुर्भाग्य से कांग्रेस नेतृत्व देश की सेवा में काम करने वाले ऐसे अच्छे लोगों की अनदेखी कर रहा है। कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति ऐसे माहौल में काम क्यों करना चाहेगा?'

## चुनाव के पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम, सीएम बोले आगे-आगे राहुल पीछे सफाया

### कमलनाथ के गढ की घेराबंदी

कांग्रेस के पूर्व सीएम कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में भी भाजपा लगातार दबाव बनाए हुए है। कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। चार दिन पहले भी यहां के सात पार्षदों ने पाला बदला। कुछ और नेताओं व कार्यकर्ताओं को जल्द ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल करवाने की तैयारी है। खुद कमलनाथ या नकुलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें जमकर चलती रही हैं। इससे पहले विधानसभा चुनाव के समय कई भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने टिकट न मिलने या फिर पूछपरख न होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। हाल में जबलपुर से कांग्रेस महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, शमशाबाद के पूर्व विधायक डा.मेहताब सिंह यादव, कमलापत आर्य,राकेश मावई, दिनेश अहिरवार, विदिशा जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, सहित कई पदाधिकारी कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

## तो अब भाजपा बदलेगी टिकट!

**आशीष दुबे/भोपाल**

चार महीने पहले जैसी सियासी सरगर्मी व जश्न भोपाल में कांग्रेस मुख्यालय पर अक्सर देखा जाता था, वह अब भाजपा मुख्यालय पर है, तब भाजपा से कांग्रेस कर तरफ वन-वे ट्रेफिक जैसे हालात थे, अब कांग्रेस से भाजपा की तरफ वन-वे ट्रैफिक है। जानकारों सूत्रों की मानें तो भाजपा इन नये नेताओं के लिए मप्र में अपनी चुनावी जमावट में फेरबदल कर सकती है। इनमें सुरेश पचौरी को नर्मदापुरम से उम्मीदवार बनाने के आसार बन गये हैं, जबकि गजेंद्र सिंह को धार से टिकट दिया जा सकता है। नर्मदापुरम से 'फिलहाल अल्पज्ञात किसान नेता' दर्शन सिंह चौधरी उम्मीदवार हैं। सूत्रों की मानें तो पचौरी के लिये भोपाल से टिकट का भी विकल्प सोचा गया था, लेकिन यहां आलोक शर्मा की उम्मीदवारी व उनकी 'बैकिंग' के चलते मामला बदलता नजर आ रहा है। पचौरी का कद व टाइमिंग देखते हुए भाजपा को उनके उपयोग की चुनौती है, आज शिवराज के संबोधन में भी यही संकेत उभरे। वहीं इंदौर में भाजपा द्वारा अपने एक हैवीवेट पर दांव लगाकर संजय शुक्ला के लिये कोई गुंजाइश बनने की चर्चा है।

बहरहाल, यह जीतू पटवारी की संगठन क्षमता व हाईकमान के मैनेजमेंट पर सवालिया निशान हैं। सूत्र मानते हैं आज टीम-पचौरी के भाजपा में समाहित हो जाने के बाद कांग्रेस को लोकसभा समेत अनेक मुकाबलों में लंबे समय तक झटके झेलने पड़ेंगे, वहीं आज 'घोषित तौर' पर जो पचौरी समर्थक भाजपा का हिस्सा बन गये हैं, वह तो साफ खतरा हैं ही, लेकिन कई ऐसे समर्थक भी हैं जो अभी कांग्रेस में हैं तथा उन्हें या तो अब निष्ठा बदलने की चुनौती है, या पुरानी निष्ठा समेत कांग्रेस में रहने की। दोनों ही स्थिति कांग्रेस के लिए मुश्किल वाली हैं।

## मंत्रालय में आग, फाइलें-रेकार्ड हो रहा खाक

### भोपाल, विदिशा, रायसेन, एयरपोर्ट, बीएचईएल और सेना की 40 दमकलें आग बुझाने में जुटीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य मंत्रालय वल्लभ भवन की पहली,चौथी,पांचवी,छठवीं मंजिल पर आज सुबह अचानक धधकी आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलने का अंदेशा है। फायर अमला मौके पर मौजूद फायर सेफ्टी एक्सपर्ट पंकज खरे मौके पर मौजूद हैं। सेना की दमकलों को भी बुलाया जा रहा है। इस इमारत के समीप है विभागीय मुख्यालय सतपुडा भवन में भीषण आग लग चुकी है। इस भवन में हाल में फिर आग धधकी थी,अब यह 'लपटें' मंत्रालय तक भी जा पहुंची। जबकि इस इमारत को सबसे सुरक्षित माना जाता है और समय समय पर यहां सुरक्षा की मॉक ड्रिल भी होती रही है। बताया जाता है कि सबसे पहले तीसरी मंजिल पर सुबह साढे नौ बजे आग देखी गई। आग जिस हिस्से में लगी है, वह वल्लभ भवन की पुरानी बिल्डिंग है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मुख्य सचिव को जरूरी निर्देश दिये हैं। यादव ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज न जले। आग पर काबू पाने के साथ ही घटना के कारण की जानकारी प्राप्त की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इसका एहतियात रखा जाए।

## 92 साल की उम्र में पांचवी शादी करेंगे रुपर्ट मर्डोक



**वॉशिंगटन।** मीडिया मुगल रुपर्ट मर्डोक 92 साल की उम्र में पांचवीं बार शादी करने जा रहे हैं। मर्डोक की टीम ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। मर्डोक, रूस की 67 साल की वैज्ञानिक एलेना झुकोवा के साथ जुलाई में शादी के बंधन में बंधेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मर्डोक की पूर्व पत्नी ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था, उसी कार्यक्रम में झुकोवा और मर्डोक की मुलाकात हुई थी। दोनों कैलिफोर्निया के वाइन स्टेट में शादी करेंगे। फॉक्स एंड न्यूज कॉर्प्स के पूर्व चेयरमैन की यह पांचवीं शादी होगी। इससे पहले मर्डोक चार शादी और एक सगाई कर चुके हैं। आइए जानते हैं कि रुपर्ट मर्डोक की चार पूर्व पत्नियां कौन हैं।

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का वीडियो आया सामने



**ओंटारियो।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल जून में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब निज्जर की हत्या का कथित वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हमलावर, निज्जर को गोली मारकर भागते नजर आ रहे हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में खटास आ गई थी और दोनों देशों के बीच यह मामला विवाद की वजह बन गया था। कनाडा के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जो वीडियो सामने आया है, उसमें दिख रहा है कि घटना वाले दिन हरदीप सिंह निज्जर अपने पिकअप ट्रक से गुरुद्वारे की पार्किंग से निकला और जैसे ही बाहर निकला तो अचानक से उसकी कार के आगे सफेद रंग की सेडान कार आकर रुकी, जिसमें से दो लोग बाहर आए और हरदीप सिंह निज्जर पर फायरिंग कर दी। वीडियो, कनाडा के एक मीडिया हाउस ने जारी की है, जो कि वायरल हो रही है।

## जंगल सफारी पर मोदी



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम दौरे के दूसरे दिन सुबह-सुबह काजीरंगा नेशनल पार्क पहुंचे और जंगल सफारी का आनंद लिया। मोदी ने हाथी की सवारी की और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को निहारा। काजीरंगा नेशनल पार्क के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व पहुंचे। यहां उन्होंने खुली जीप में सवारी की। पीएम मोदी ने 2 दिवसीय दौरे में आज करीब 18हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## कोटा में करंट से झुलसे पांच बच्चों को जयपुर किया गया शिफ्ट

**कोटा।** कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। इनमें एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया। अन्य पांच बच्चे 50 फीसदी तक झुलसे हैं। इनका इलाज कोटा के एमबीएस अस्पताल में चल रहा था, लेकिन हालत बिगड़ने के बाद देर रात इन्हें जयपुर शिफ्ट कर दिया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल एक लड़के ने 22 फुट लंबी लोहे की छड़ पकड़ रखी थी जो ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गयी। छड़ के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था।

## मायावती का अकेले लोस चुनाव लड़ने का ऐलान



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है। दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है। मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है।

**मेट्रो एंकर**

### परिवार के बिखरते संबंधों की भी वजह रही यह लोकसभा सीट

# अमेठी और संविधान बदलवाने की वह कोशिश!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले उप्र की अमेठी लोकसभा सीट को लेकर खासी दिलचस्पी पैदा हो गई हैं। यह कांग्रेस का गढ और गांधी परिवार की परंपरागत सीट के तौर पर भी विख्यात रही है,पिछला चुनाव यहां से हारने के बाद राहुल गांधी इसके प्रति विरक्त नजर आते हैं। इसी तरह उप्र की रायबरेली सीट भी नेहरू-गांधी परिवार के दबदबा वाली है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए हाल में सोनिया गांधी ने भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और राहुल भी वायनाड से लडने लगे हैं।

बहरहाल, राहुल के लिए भले ही अमेठी का उतना महत्व न हो, लेकिन एक वक्त था, जब उप्र की इस सीट के लिए इंदिरा गांधी ने अपनी बहू को घर से निकाला था, दरअसल अमेठी से सांसद संजय गांधी की 23 जून, 1980 को एक विमान दुर्घटना में असामयिक मौत हुई। फिर 81 में अमेठी में उपचुनाव हुए और संजय के बड़े भाई राजीव गांधी की जीत हुई। जबकि संजय की पत्नी मेनका गांधी अपने पति की जगह लेने की महत्वाकांक्षा पाले थी। राजीव राजनीति से दूर इंडियन एयरलाइंस में अपने पायलट करियर से खुश थे। वह संजय की मौत के बाद मां के आदेश पर राजनीति में आए थे। संजय और राजीव की तरह दोनों की पत्नियों का स्वभाव भी एक दूसरे से जुदा था। सोनिया अंतर्मुखी व सास की पसंद थीं मगर पति की तरह राजनीति से दूर थीं। दूसरी तरफ मेनका एक साहसिक स्वभाव की रही हैं। वह 70 के दशक से ही अपने पति संजय के साथ राजनीतिक कार्यक्रमों में नजर आती थीं।



वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रशीद किदवई ने अपनी किताब '24 अकबर रोड- ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ द पीपुल बिहाइंड द फॉल एंड राइज ऑफ द कांग्रेस' में लिखा है कि 1981 में राजीव गांधी द्वारा अमेठी उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद मेनका गांधी ने उन्हें किनारे करने की बहुत कोशिश की'। किदवई ने पूर्व राजनयिक और गांधी परिवार के करीबी मोहम्मद यूनुस के हवाले से लिखा 'भारत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 25 वर्ष है। चूंकि मेनका उस समय 25 वर्ष की भी नहीं थीं, इसलिए वह चाहती थीं कि इंदिरा गांधी उनके लिए संविधान में संशोधन कर दें, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं मानीं।' इंदिरा गांधी के इस फैसले को मेनका ने अपने दिवंगत पति की राजनीतिक विरासत को हड़पने के प्रयास के रूप में देखा। मेनका के मन का यह डर इंदिरा और उनके बीच दरार का कारण बना!

# शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा



**भोपाल।** कोलार रोड पर्वती नगर में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर और 21 फीट ऊंचे शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई एवं रात्रि जागरण हुआ इस अवसर पर विजय कुमार साहू ने बताया कि भोजपुर के बाद भोपाल में सबसे बड़ा शिवलिंग कोलार में प्राण प्रतिष्ठा हुई है इसे खरगोन में बनवाया गया है इस अवसर पर सुशीला साहू पुनीत निहारिका पूजा महेश और कॉलोनी के निवासियों ने इस पावन पर्व पर महाआरती की ओर इसके बाद प्रसाद वितरण किया । **फोटो निर्मल व्यास**

### कुछ केंद्रों में पर तकनीकी समस्या के कारण प्रश्न पत्र की स्पॉट प्रिंटिंग नहीं हो सकी

# 5-8वीं के लिए 1000 परीक्षा केन्द्रों पर हुई स्पॉट प्रिंटिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश मे बोर्ड पैटर्न पर निजी-सरकारी स्कूलों व मदरसों में 5वीं 8वीं और सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। दरअसल तीन दिन पहले प्रदेशभर में 11 हजार 986 परीक्षा केंद्रों पर 5वीं 8वीं की परीक्षाएं हुईं। इस दौरान 1 हजार 10 परीक्षा केन्द्रों पर पेपरों की स्पॉट प्रिंटिंग की गई। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रायोगिक रूप से प्रारंभ की गई व्यवस्था के तहत प्रदेश के चयनित लगभग एक हजार 10 परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र ऑनलाइन तरीके से पहुंचे। इस



व्यवस्था के तहत सुबह 7.30 बजे केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष के लॉग-इन पर प्रश्नपत्र की लिंक एक्टिव हुई, जिसके माध्यम से परीक्षा केंद्र पर ही प्रश्न पत्रों की स्पॉट प्रिंटिंग कराकर परीक्षार्थियों को दिए गए।

पहले दिन परीक्षा मे स्पॉट प्रिंटिंग प्रक्रिया के तहत 97 प्रतिशत केंद्रों मे सफलतापूर्वक प्रश्न पत्र डाउनलोड एवं प्रिंटिंग कराकर परीक्षा सम्पन्न कराई गई। कुछ केंद्रों में विद्युत अवरोध, नेटवर्क समस्या एवं प्रिंटर की तकनीकी समस्या आदि कारणों से प्रश्न पत्र की स्पॉट प्रिंटिंग नहीं हो सकी। भोपाल में प्रिंटिंग प्रेस की लापरवाही से कुछ केंद्रों पर परेशानी हुई। जन शिक्षा केंद्र निशातपुरा के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों पर पांचवीं-आठवीं के प्रश्न-पत्र पैकेट के भाषा के पेपर ही नहीं निकले। सेंट जांस स्कूल परीक्षा केंद्र पर करीब 150 पेपर कम कम, जिसके फोटोकॉपी कराई गई।

# पुस्तकें प्रत्येक कॉलेज में उपलब्ध कराने के निर्देश

### वर्ष 2024-25 के लिए 28 करोड़ का बजट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी की कार्यसमिति एवं प्रबंधक मंडल की बैठक में अकादमी के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 27 करोड़ 94 लाख अड़सठ हजार रुपए के बजट का अनुमोदन हुआ। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के



क्रियान्वयन में आत्मनिर्भरता अत्यंत महत्वपूर्ण संदर्भ है। हिंदी ग्रंथ अकादमी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रियान्वयन हो, इसके लिए अकादमी की विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी किया जाए। अकादमी की पुस्तकें प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में उपलब्ध हों। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आधारित पुस्तिका के प्रकाशन के लिए भी स्वीकृति दी गई। मंत्री परमार ने उच्च शिक्षा विभाग को अकादमी के साथ समन्वय कर सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या, समय पर साझा करने के निर्देश दिए। इससे अकादमी द्वारा विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जा सकें।

# मंडीदीप की बस्तियों में सड़कें नहीं, धूल कर रही बेहाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से महज 12 किलोमीटर दूर औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में लोगों का जीवन बेहाल है। मुख्य सड़क और कॉलोनियों को छोड़ दें तो यहां की सैंकड़ों बस्तियों में सड़कें पूरी तरह कच्ची है जिन पर धूल ही धूल है। पूरे दिन दो पहिया, चार पहिया वाहनों के आवागमन से धूल वातावरण में फैल रही है। लोगों को जीना मुश्किल है। खासकर बच्चों और बूढ़ों की की आफत हो रही है लेकिन जिम्मेदारों को इसकी चिंता नहीं है।



### नगरीय निकाय की है जिम्मेदारी

मंडी नगर पालिका प्रबंधन मुख्य सड़क के आसपास की समृद्ध बस्तियों में ही सेवाएं देने तक सीमित है। सतलापुर, शुक्कर मार्केट समेत अन्य हिस्सो में न तो झाड़ू लग रही है और न ही सड़क, बिजली पानी की ठीक व्यवस्था है। खासकर सड़कों और नालियों का तो नेटवर्क ही ध्वस्त है।

### सुबह व शाम धूल का रहा है गुबार

मंडीदीप की इन बस्तियों में सुबह और शाम धूल का गुबार रहता है। यही वह समय होता है जब लोग काम धंधे के लिए बाहर आना-जाना करते हैं। जिसके कारण वाहनों के आवागमन से वातावरण में धूल का स्तर बढ़ जाता है। मंडीदीप के जिन क्षेत्रों में धूल वाला माहौल है उन क्षेत्रों में एयर क्वालिटी इंडेक्स की स्थिति बहुत ही खराब है लेकिन ऐसे क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की कोई निगरानी नहीं की जा रही है।

### शोभा यात्रा को लेकर विशिष्ठजनों की बैठक हुई

# चैतीचांद पर शोभा यात्रा बीते साल से अधिक भव्य होगी : इसरानी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा सिंधु समाज के तत्वावधान में निकाली जाएगी। 10 अप्रैल को शाम 4ः00 बजे से शोभा यात्रा निकलेगी। 11 अप्रैल का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

संतनगर के थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी को सर्वसम्मति से इसके लिए संयोजक मनोनीत किया गया है, आध्यात्मिक गुरु लाल साई जी एवं संत नगर के जाने-माने गुरुजन, सामाजिक, धार्मिक शैक्षणिक, राजनीतिक तथा व्यापारियों के सहयोग शोभा यात्रा को भव्य बनाया जाएगा।

संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने कहा कि इस बार गत वर्ष से भी अधिक भव्य शोभायात्रा को सफलता मिलेगी। सिंधु समाज के उपाध्यक्ष हरीश में मेहरचंदानी एवं महासचिव भारत आसवानी ने भी बताया कि भव्य यात्रा में जहां रथ पर सवार भगवान झूलेलाल की सवारी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी वहीं इस बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र, सीता माता, लक्ष्मण तथा बजरंगबली की शानदार झांकी दर्शकों का मन मोहन लेंगी।

इसके अतिरिक्त महान संत दादा साधु टी, एल वासवानी, अमर शहीद भगत कंवर राम साहेब, शंकर भगवान, साई बाबा, कृष्ण मुरारी,विष्णु भगवान, अमर शहीद हेमू कालानी ,परमहंस संत हिरदाराम साहब जी आदि अनेक झांकियां का नया रूप भी दिया जा रहा है, सिंधु समाज के अध्यक्ष मोहन लाल चंदनानी, हरीश मेहरचंदनी, पुरुषोत्तम हरचंदानी,साबू रीझवानी ने भी बताया कि शोभायात्रा को भव्य रूप देने हेतु 12 बग्गिया,10 बुलेट पर ब्लैक कमांडो,दो डीजे,21 कलाकारों द्वारा तांशा,हाथी, घोड़े, ऊंट, 20 सदस्यों का बैंड होगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड में दिनांक 11 अप्रैल को रात 8ः00 बजे होगा। कलाकार नील तलरेजा अपने विशिष्ट ख्याति प्राप्त लोक नृत्य, लोकगीत संगीत एवं समूह गायन कलाकारों के साथ सिंधियत की झलकियां दर्शकों का मन मोह आ रहे हैं।

## आशाराम के अनुयायी पद यात्रा निकालेंगे 11 को

**हिरदाराम नगर।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के बैनर तले आशाराम बापू के अनुयायी 10 मार्च को पद यात्रा निकाल कर। राज्यपाल को ज्ञापन सौपेंगे। पदयात्रा का नेतृत्व अहमदाबाद के रामाभाई करेंगे। विवार को सुबह 11 बज भोपाल के प्लेटिनम प्लाजा से 11 बजे से एक विशाल पदयात्रा शुरू होगी। पदयात्रा के माध्यम से बापू को राहत दिए जाने की मांग की जाएगी। बापू ने पूरे विश्व को सनातन संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान दिया है। साथ ही धर्मांतरित लाखों लोगों की घर वापसी करवाई है। सुनियोजित षड्यंत्र कर बापू को फंसा गया। वह 11 साल से जोधपुर की जेल में है। एक दिन उनको पेरोल नहीं दिया गया। वह बीमार हैं, वे इलाज के लिए एम्स भी जा चुके हैं।

# पटवारी के बाद एएनएम भर्ती मामले में गड़बड़ी, संविदा में भर्ती किया नियमित भर्ती में कर रहे अपात्र !

**भोपाल।** पटवारी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के बाद अब एएनएम भर्ती प्रक्रिया में धांधली के मामले सामने आ रहे हैं जो महिलाएं संविदा में 10-10 साल से एएनएम है और स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रही है उन्हें नियमित भर्ती प्रक्रिया में अपात्र बताया जा रहा है। यह हाल तब है जब ये महिलाएं कर्मचारी मंडल द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में मेरिट सूची में है। इस धांधली ने फिर एक बार भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

यह हाल किसी एक जिले का नहीं है, बल्कि प्रदेश के दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, बैतूल, छिंदवाड़ा, इंदौर, देवास समेत सभी जिलो का है। आज शनिवार को एएनएम भर्ती प्रक्रिया के लिए जिलों में मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन का काम चल रहा है जिसमें इन महिलाओं को अपात्र घोषित किया जा रहा है। यह दूसरी मेरिट सूची के आधार पर सत्यापन किया जा रहा है। इसके पहले भी सत्यापन में इन महिलाओं को अपात्र घोषित किया गया था।

असल में प्रदेश में 2577 पदों पर एएनएम के पद भरे जा रहे हैं। कर्मचारी चयन मंडल ने इसके लिए परीक्षा ली थी। पहली सूची के आधार पर सत्यापन की प्रक्रिया 22 से 26 फरवरी तक की गई। जिसमें 782 पद भरे गए। बाकी के खाली 1792 पदों के लिए 7 से 9 मार्च तक सत्यापन किए जा रहे हैं। वर्ष 2015 के पहले तक एएनएम के लिए 18 महीने का डिप्लोमा होता था। पहले उक्त पद के लिए नान बायो विषय को भी मान्य किया जाता था। बाद में इसी डिप्लोमा की अवधि 2 वर्ष कर दी गई और 12वीं से बायो विषय वाले अभ्यर्थियों को तवज्जो दी जाने लगी। एएनएम के लिए निकली भर्ती में 18 महीने के डिप्लोमा व 2 वर्ष के डिप्लोमा वाली योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्पष्ट गाइडलाइन जारी नहीं की गई और ऑनलाइन भरे गए फार्म में 18 महीने का डिप्लोमा करने वाले अभ्यर्थियों के भी फार्म स्वीकार्य कर लिए गए। अब परिणाम आने और भर्ती प्रक्रिया शुरू के दौरान अटकाया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### रामलला उत्सव समिति और कर्म स्थल का आयोजन, संतनगर में भव्य शिव बारात निकली, जगह-जगह भंडारे

# प्रेम और भक्ति का पर्व है शिवरात्रि: लालसाईंजी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

महाशिवरात्रि का पर्व संतनगर में श्रद्धा, भक्ति के बीच मनाया गया। शिवालयों में अभिषेक और विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्य आयोजन वेदांत संत लालसाईंजी के टैंपल ऑफ संबोधि में हुई। शहर में भव्य शिव बारात भी निकली।

टेंपल ऑफ संबोधि में साईंजी के सानिध्य में ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच महादेव का रुद्राभिषेक कराया गया। हवन श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर मानव कल्याण की कामना की। संत लालसाईंजी ने कहा कि यह पर्व प्रेम और भक्ति का पर्व है। उन्होंने कहा कि शिव आदि योगी हैं । वे ध्यान और समाधि में मग्न रहते हैं। महादेव ने सारी सृष्टि का जो विष है उसे ग्रहण किया ताकि सृष्टि अमृतमय और आनंदमय हो पाए। साईंजी ने कहा कि मेरा आज के युवाओं से यह आग्रह है कि वह हर प्रकार का नशा छोड़ते हुए ध्यान और समाधि के आनंद में डूबे।

कार्यक्रम में रामलला उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी परिवार सहित सम्मलित हुए। सभी ने भगवान शिव का अभिषेक किया। समिति के संयोजक कमल प्रेमचंदानी, महासचिव राजेश बेलानी, दिनेश वाधवानी, बसंत चेलानी, नरेश तोलानी, किरण गोविंद वाधवानी, कीर्ति तोलानी, वासदेव वाधवानी, अमित बिनवानी, मनोज कृपलानी और समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी, महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



### थावरदास हैं सेवा में संत

लालसाईंजी ने नवयुवक परिषद के थावरदास वरलानी की सेवाभाव का जिक्र करते हुए कहा कि वरलानी सेवा में संत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन संत हिरदाराम साहिब कि वचनों को पूरा करने के लिए समर्पित कर दिया है। संतजी के बताए रास्ते पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से चल रहे हैं। नवयुवक परिषद में उनकी सेवा अभूतपूर्व हैं।

### संतनगर में निकली भव्य बारात

बेहटा गांव से शिवरात्रि पर भव्य बारात निकली। संतनगर के प्रमुख मार्गों का परिक्रमा करती हुई बेहटा गांव मंदिर में ही समाप्त हुई। बारात में शिव भक्तियों को टोलियों ने ढोल, ताशे और डमरू के साथ शिव उत्सव मनाया। जगह-जगह भंडारे के भी आयोजन किए गए।



### विशेष पूजा, जलाभिषेक हुआ

शिव मंदिर गोल चक्रा में सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जलाभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना की की गई। संतकंवरराम चौराहे पर बफार्नी बाबा के दर्शन हुए। स्टेशन रोड प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। सिंधी भगत की भी प्रस्तुति दी गई।

### दूध, अबीर से अभिषेक

बजरंग सेना समिति ने गायत्री मंदिर सैनिक कॉलोनी में दूध गुलाल एवं अबीर से अभिषेक किया। राज कुमार गर्ग ने शिव अभिषेक करवाया गया। नवयुवक सभा भवन स्थित शिव मंदिर में अभिषेक किया गया। सभा के पदाधिकारियों ने शिवजी की विशेष पूजा अर्चना की।

# कांग्रेस के बड़े नेताओं के सामने अब चुनाव लड़ना ही विकल्प

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची 12 मार्च को आएगी। आज सुरेश पचौरी समेत कई नेताओं के पार्टी से पलायन के बाद इस सूची में कई चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं। जानकारों का मानना है कि हाइकमान ने इसे लेकर मशक्कत शुरू कर दी है। इस सूची में डेढ़ दर्जन सीटों के उम्मीदवार के नाम शामिल होंगे। हालांकि कांग्रेस की इस सूची में मप्र के अलावा राजस्थान के भी उम्मीदवार तय होना है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस सूची में वरिष्ठ नेताओं को भी मप्र में चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। दरअसल पहली सूची में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर अपने इरादे सामने रख दिये हैं। इसमें वरिष्ठ नेताओं को मैदान में आने और अपने कॉडर को सक्रिय करने के साफ संकेत हैं। ऐसी हालत में मप्र में जबलपुर, गुना, राजगढ़, भोपाल, इंदौर, सतना, खंडवा में बड़े नेता उतारे जा सकते हैं, हालांकि कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी, अजय सिंह, अरूण यादव आदि चुनाव लड़ने के लिये पूरी तरह 'तैयार' नहीं नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ भोपाल सीट पर जातिगत समीकरणों में कांग्रेस उलझ गई है। यहां भाजपा ने ब्राहाण उम्मीदवार अलोक शर्मा को उतार दिया है। ऐसे में कांग्रेस यहां पीसी शर्मा या किसी कायस्थ नेता पर दांव लगाने का विकल्प आजमा सकती है। इसी तरह सागर व दमोह सीट पर भी पार्टी कई दुविधाओं की शिकार है। दमोह में जिला कांग्रेस ने प्रशांत पाठक 'नीलू' को टिकट देने की अनुशंसा कर दी है। लंबे समय से कांग्रेस ने यहां ब्राह्मण उम्मीदवार पर दांव नहीं लगाया है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण मतदाता व छह लाख ओबीसी हैं। पाठक अभी हटा नपा के उपाध्यक्ष हैं और उनके लिये पंचायत,नपा अध्यक्ष व अन्य नेताओं ने भी पैरवी कर दी है।







## टीम पचौरी के पलायन से कांग्रेस के कई इलाकों में गड़बड़ाए समीकरण

छिंदवाडा में नकुलनाथ के नाम पर सहमित है लेकिन इंदौर में पार्टी के समीकरण आज गड़बड़ा गए हैं, क्योंकि यहां से संजय शुक्ला ने भाजपा का दामन थाम लिया है। अब जीतू पटवारी का भी नाम सामने है लेकिन उन पर प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी है। जानकार बताते हैं कि झाबुआ रतलाम से कांतिलाल भूरिया का नाम और खंडवा से अरूण यादव के सामने चुनाव लड़ने के अलावा विकल्प नहीं नजर आ रहा। दिग्विजय सिंह या जयवर्धन सिंह में से किसी एक को लोकसभा चुनाव लड़ाना भी तय माना जा रहा है, जबकि कमलनाथ को तमाम नानुकुर के बाद भी पार्टी जबलपुर से टिकट देना चाहती है, ताकि भाजपा पर दबाव बनाया जा सके। इसी कड़ी में सतना से अजय सिंह का नाम भी है।

# फर्जी पेपर वायरल: आरएसके ने साइबर क्राइम में दर्ज कराई एफआईआर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के सरकारी-निजी स्कूलों के साथ ही मदरसों के 5वीं 8वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के शुरुआत के साथ ही सोशल मीडिया पर फर्जी पेपर भी वायरल हो रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए अब राज्य शिक्षा केंद्र के मूल्यांकन नियंत्रक एचजी खरे ने पुलिस आयुक्त, सायबर क्राइम कार्यालय भोपाल में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद साइबर पुलिस ने फर्जी एवं भ्रामक प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले कतिपय असामाजिक व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर कतिपय असामाजिक व्यक्तियों द्वारा निजी लाभवश परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को भ्रामक एवं फर्जी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं।




### विद्यार्थी भी गुमराह हो रहे

संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने कहा है कि ऐसे कृत्यों से परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठते हैं, वहीं विद्यार्थी भी गुमराह एवं हतोत्साहित हो रहे हैं। इससे उनकी मनोदशा पर बेहद नकारात्मक प्रभाव पढ़ने की भी आशंका है। राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर से ऐसे व्यक्तियों के विरूध्द कठोर वैधानिक कार्यवाही के लिए साइबर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील

संचालक धनराजू एस ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी प्रलोभन में न आयें और पूरे मनोयोग से अपनी परीक्षा दें। उन्होंने कहा कि, साइबर अपराधी विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जानकारियों का दुरुपयोग कर उन्हें किसी भी आपराधिक प्रकरण में संलिप्त सकते हैं। इनके प्रलोभन में फंसकर विद्यार्थी का आर्थिक नुकसान तो होगा ही, साथ ही आपराधिक संलिप्तता का प्रकरण भी दर्ज हो सकता है। विद्यार्थी और अभिभावक ऐसी मिथ्या अफवाहों एवं प्रलोभन से सदैव बचें।

### आरएसके का अल्टीमेटम

## भुगतान के लिए एक मोबाइल नंबर का एक से अधिक बार नहीं हो उपयोग

### एक नाम और एक नंबर से वित्तीय अनियमितता की आशंका, जांच के निर्देश



**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों को ऑनलाइन भुगतान को लेकर नए आदेश जारी किए हैं। आदेश में समग्र शिक्षा जिला अंतर्गत आईए, एसएमसी स्तर पर किए जाने वाले भुगतान में एक मोबाइल नंबर के एक से अधिक एजेंसियों में उपयोग नहीं करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आदेश में गया है कि यह देखने में आ रहा है कि जिला एवं जिला अधीनस्थ आईए एडमिन द्वारा कई स्तर की एजेंसियों के भुगतान की कार्यवाही के लिए एक ही व्यक्ति के नाम और मोबाईल नम्बर का एक से अधिक बार उपयोग किया जा रहा है। एक ही व्यक्ति का नाग एवं मोबाईल नम्बर एक से अधिक उपयोग होने से वित्तीय अनियमितता की आशंका है। जिसके देखते हुए यह जरूरी है कि संबंधित जिले के मोबाईल नम्बरों की जांच कर सुनिश्चित करें कि इनके द्वारा किये गये भुगतान नियमानुसार हो।

### आचार संहिता के पहले डीए की मांग फिर उठी

## जुलाई से अब तक 1200 करोड़ रुपए का पहुंचा कर्मचारियों को नुकसान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार के कर्मचारियों ने फिर से याद दिलाया है कि उनका महंगाई भत्ते का मामला अब तक अटका है और लोकसभा चुनाव आचार संहिता की घड़ी करीब आ चुकी है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि जहां प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई 2023 से 4 फीसदी महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदेश के 7.50 लाख कार्यरत एवं 4.50 लाख सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को अभी तक प्रदाय नहीं की है वहीं केंद्र द्वारा कल 4 फीसदी महंगाई भत्ता /राहत की घोषणा कर देने से 8त्न महंगाई भत्ता और महंगाई राहत से प्रदेश के कर्मचारी पीछे हो गए हैं उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति करोड़ों कर्मचारियों को महंगाई का सामना करने के लिए समय पर महंगाई भत्ता और महंगाई राहत प्रदान की जाती है। कर्मचारी संघ का आरोप है कि मप्र रकार द्वारा कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ता और राहत न देकर करोड़ों बचाए जाते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता और राहत दी थी किंतु जुलाई 2023 से मिलने वाला 4 फीसदी महंगाई भत्ता 9 महीने से नहीं मिलने से कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने से पहले जुलाई 2023 से 4 फीसदी एवं जनवरी 2024 से 4 फीसदी महंगाई भत्ता/ राहत देने के आदेश शीघ्र प्रदान करने की मांग की है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने डीईओ-जेडी को जारी किए निर्देश, चिह्नित कर की सूची होगी तैयार

## असुरक्षित जल संसाधनों को लेकर विद्यार्थियों को करेंगे जागरूक, ताकि घटनाओं पर लगे लगाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

असुरक्षित जल संसाधनों से होने वाली घटनाओं पर लगाम लगाने और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अब स्कूल शिक्षा विभाग स्कूल विद्यार्थियों को जागरूक करेगा। इसके लिए प्रदेशभर में असुरक्षित जल संसाधनों को चिन्हित किया जाएगा और इनकी सूची तैयार की जाएगी। बच्चों इसके साथ ही अभिभावकों और आसपास के लोगों को भी इसको लेकर जागरूक किया जाएगा। ताकि असुरक्षित जल संरचनाओं जैसे नदी, तालाब, झरने, जलाशय, पानी स्त्रोत के आसपास का दलदल वाला क्षेत्र, निर्माण स्थल पर जल संचय का क्षेत्र, खदानों आदि में किसी प्रकार की असामायिक घटना घटित न हो। इसको लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जल संरचनाओं के सुरक्षा के पहलुओं पर विद्यार्थियों एवं समुदाय के मध्य प्रचार प्रसार किया जाए।




### चेतावनी अंकित करने के साथ गांव और शाला परिसर में चस्पा होगी सूची

जारी आदेश के अनुसार, स्कूल परिसर एवं आसपास के जोखिम भरी जल संरचनाओं की सूची विद्यार्थियों से चर्चा कर तैयार की जाएगी।। इसके अलावा विद्यार्थियों को संभावित दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। जोखिम भरी जल संरचनाओं की सूची गांव और शाला परिसर में चस्पा करना और ऐसी संरचनाओं के पास नहीं जाने संबंधित चेतावनी भी अंकित करना होगी। शिक्षक एवं अभिभावक इस तरह के विषय ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायतों की बैठकों में चर्चा के लिए भी रख सकते हैं।

## 43 ब्लॉक में की बीईओ की हुई पदस्थापना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के 43 ब्लॉक में स्कूल शिक्षा विभाग ने बीईओ की पदस्थापना कर दी है। साथ ही 4 लोकसेवकों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ किया गया है। विभाग ने मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा जारी राज्य सेवा परीक्षा 2019 के परिणामों के आधार पर सीधी भर्ती से सहायक लोक शिक्षण के पद पर पदस्थ 47 अभ्यर्थियों की यह नई पदस्थापना की है। इन्हें 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर लोक शिक्षण संचालानय मप्र भोपाल में अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया था। नए आदेश के तहत प्रशासन अकादमी से प्रशिक्षण के बाद 43 लोक सेवकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर विभिन्न जिलों में भेजा गया है।

## अब प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में डीन और अस्पताल अधीक्षक की होगी स्थायी नियुक्ति

### क्लीनिकल प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे, मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डीन और अस्पताल अधीक्षक की नियुक्ति व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत मेडिकल कॉलेजों में अब प्रभारी डीन, अस्पताल अधीक्षक नहीं होंगे, बल्कि इनकी स्थायी नियुक्ति की जाएंगी। प्रशासनिक पद होने के नाते यह भी शर्त रहेगी कि वह क्लीनिकल प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। अभी प्रभारी होने की वजह से वह प्रैक्टिस भी कर रहे थे। इस बदलाव से मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। बता दें कि मेडिकल कॉलेजों पर नियंत्रण और निगरानी करने वाली केंद्रीय संस्था नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) लंबे समय से इन पदों पर स्थायी नियुक्ति के लिए कहता रहा है।

**18 मेडिकल कॉलेज में भर्ती:** डीन और अस्पताल अधीक्षक के पदों पर स्थायी नियुक्ति को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। 18 मेडिकल कॉलेज में डीन के स्थायी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके बाद अधीक्षकों के पद भरने की प्रक्रिया शुरू होगी।






## भोज ने 15 मार्च तक बढ़ाई एडमिशन की तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) व पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) में प्रवेश के लिए एक बार फिर तारीख बढ़ाई गई है। छात्र अब 15 मार्च तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। भोज विवि में इस साल एमबीए (सामान्य) और एमबीए (मटेरियल मैनेजमेंट), एमसीए, बीएससी (डेटा साइंस) बीएससी (सायबर सिक्योरिटी) के अलावा स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों मैनेजमेंट लाजिस्टिक एवं सप्लाई चैन, सायबर सिक्यूरिटी कोर्स भी शुरू किए गए हैं। यूजी में प्रवेश के लिए अब तक करीब 25 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## आरजीपीवी में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 मार्च को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 एवं 21 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन की शनिवार को आखिरी तारीख थी। आरजीपीवी 13 मार्च को एडमिट कार्ड जारी करेगा। परीक्षा में क्वालिफाई अभ्यर्थियों का प्रवेश इंटरव्यू के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 24 अप्रैल से शुरू होंगे। आरजीपीवी ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, एप्लाइड साइंसेज, आर्किटेक्चर में पीएचडी की रिक्तियां निकाली हैं। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची 7 मई को आरजीपीवी के पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी।

## सुविचार

''फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना, क्योंकि इस बार सुरुवात शून्य से नहीं अनुभव से होगी।''

– अज्ञात

l ikndh;

# मुकाबले में फिर दो चेहरे

भारत से हजारों मील दूर अमेरिका में नवंबर में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव कई मोड ले रहा है। दरअसल भारत का अमेरिका से कई मायनों में संबंध रहा है, इसलिये वहां की राजनीतिक प्रक्रिया के उतार चढाव भी भारत के लिये मायने रखते हैं। वहां चुनाव की प्रक्रिया अब अहम मुकाम पर पहुंच गई है, ठीक उसी तरह जैसे भारत में लोकसभा चुनाव बिल्कुल करीब हैं। अमेरिका ने तो यह लगभग तय हो गया कि मुकाबला इस बार भी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच ही होगा। सुपर ट्यूजडे के नतीजों ने दोनों को अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे साबित कर दिया और फिर अगले दिन निकी हेली ने रिपब्लिकन प्रत्याशी बनने की होड़ को स्थगित करने की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी मिटा दिया। 1956 के बाद पहला मौका है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में लगातार दूसरी बार पुराने प्रत्याशी ही आमने-सामने होंगे। दूसरी बात यह कि दोनों ही प्रत्याशी बुजुर्ग हैं। बाइडन की उम्र 81 साल है। वे मौजूदा कार्यकाल में ही अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति रहे हैं, ट्रंप भी 77 साल के हो चुके हैं। दिलचस्प यह भी है कि आम अमेरिकी इस मुकाबले को खास पसंद नहीं कर रहा। फरवरी में हुए एक सर्वे में शामिल दो तिहाई नागरिकों ने कहा था कि बाइडन की उम्र सरकार में काम करने की नहीं रह गई है। ट्रंप के बारे में भी करीब आधे लोगों ने यही बात कही थी। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर लगे गंभीर आरोप भी इन चुनावों को खास बना रहे हैं। यह तय नहीं है कि इन आरोपों पर कोर्ट का फैसला कब आएगा। अगर चुनाव से पहले ही कोर्ट का फैसला ट्रंप के खिलाफ आ गया तो क्या होगा, इस पर भी सबकी नजरें हैं। ये आरोप राष्ट्रपति चुनाव के दौरान दोनों पक्षों में असाधारण कटुता भी ला रहे हैं। जहां बाइडन, ट्रंप को अमेरिका के अस्तित्व के लिए खतरा बता चुके हैं, वहीं ट्रंप आज भी दावा करते हैं कि 2020 में वही चुनाव जीते थे। इन घरेलू मसलों को छोड़ दिया जाए तो दोनों में से कोई भी जीते, अमेरिका की विदेश नीति में किसी बहुत बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-हमास युद्ध में संतुलन दिखाने वाली कुछ कवायदों को छोड़ दिया जाए तो फिलहाल अमेरिका के सामने ज्यादा विकल्प नहीं दिखते। दूसरी तरफ चीन की बढ़ती आक्रामकता पर अंकुश लगाने की जरूरत आगे भी अमेरिकी रुख तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। मगर अमेरिका से पहले ही भारत में भी आम चुनाव होने वाले हैं। दोनों देशों के आपसी रिश्ते इस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि नेतृत्व परिवर्तन से इस पर बहुत खास फर्क पड़ने की उम्मीद नहीं है। पिछले कार्यकाल में डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ पर अप्रत्याशित रुख ने कुछ सवाल खड़े किए थे, लेकिन करीबी और दोस्ताना रिश्तों के लंबे इतिहास में अपवादस्वरूप आने वाले उन पलों को एक हद से ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। चूंकि लाखों भारतीय अमेरिका में बसे हैं,इसलिये उनके हितों को लेकर भारत की नाता अमेरिका की इस प्रक्रिया से जुड जाता है। जहां तक भारत की बात है तो एक समानता यहां महसूस की जा सकती है कि यहां भी फिर लगातार दूसरी बार यहां नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला है, दोनों के साथ अन्य दलों का गठबंधन भी है, लेकिन मुख्य चेहरे यही दो हैं। हालांकि मुकाबले में राहुल व उनकी पार्टी कांग्रेस काफी पीछे नजर आती है लेकिन जब तक चुनाव के नतीजे नहीं आ जाते, तब तक दोनों ही देशों में दिलचस्पी व सस्पेंस बना रहेगा।

## निशाना

### हम भी करें प्रहार !



– कृष्णेन्द्र राय

दो हमको अधिकार।
लड़नी और लड़ाई।।
करते आए, करना है।
आप की भलाई।।
दे दो इतनी सीटें।
हम भी करें प्रहार।।
और प्यार बरसा कर।
पहनाओ फिर हार।।
डाल रहे वो बाधा।
करते जो भी काम।।
वादा है निभाया।
किए जो तमाम।।
ना रूकना है हमको।
यूं ही चलते जाना।।
भले पूर्व में हमने।
है भरा हर्जाना।।

## आज का इतिहास

- **1864 :** प्रख्यात मराठी लेखक हरि नारायण आप्टे का जन्म।
- **1934 :** सोवियत पायलट और अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन का जन्म।
- **1948 :** एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना।
- **1951 :** मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का जन्म।
- **1956 :** भारत के प्रसिद्ध राजनयिक शशि थरूर का इंग्लैंड के लंदन में जन्म।
- **1959 :** दुनियाभर में बच्चियों की पसंदीदा बार्बी डॉल को न्यूयार्क में अमेरिकिन टॉय फेयर में पहली बार पेश किया गया।
- **1967:** सोवियत तानाशाह जोसेफ स्टालिन की पुत्री स्वेतलाना ने देश छोड़ा और नयी दिल्ली में अमेरिकी दूतावास पहुंचकर राजनीतिक शरण मांगी।
- **1973 :** उत्तरी आयरलैंड की जनता ने देश में हुए एक जनमत संग्रह में ब्रिटेन के साथ रहने के पक्ष में वोट डाला था। लगभग 57 प्रतिशत मतदाताओं ने ब्रिटेन के साथ रहने का समर्थन किया।
- **1986 :** सेटेलाइट आधारित पहला टेलीफोन संपर्क नेटवर्क औपचारिक रूप से शुरू किया गया।
- **1999 :** ब्रिटेन में भारतीय मूल के दिग्गज उद्योगपति स्वराज पॉल को सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की।
- **2004 :** पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले सतह तक मार करने वाले शाहीन-2 (हत्फ-6) प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- **2020 :** देश में कोरोना से संक्रमितों की संख्या 43 पहुंची। दुनियाभर में हाहाकार। विश्व भर में कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 110,000 से ज्यादा।

# सामाजिक-मानसिक दुराग्रह दूर हों समता के लिए

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

वर्ष 1995 में विभिन्न देशों की सरकारों, संस्थानों, गैर-सरकारी संस्थाओं ने बीजिंग सम्मेलन में लैंगिक असमानता को मिटाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यवाही करने का संकल्प लिया था। किन्तु इस दिशा में अपेक्षित प्रयास और प्रगति अभी भी शोचनीय है। अपने प्रति हो रही गैर-बराबरी पर ध्यान आकर्षित करने के लिए लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध महिलाओं ने 1911 के 19 मार्च से ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर आवाज उठाना आरंभ कर दिया था। वर्ष 1914 से ये आयोजन हर साल 8 मार्च को होने लगा। वर्ष 1975 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने मान्यता दे दी थी।जब हम लैंगिक समता को स्थापित करना चाहते हैं तो समझ लें कि असमानता को उन्हीं स्तरों पर समाप्त करने से काम नहीं चलेगा जो कानूनी हैं, प्रशासनिक हैं अथवा कार्पोरेट जगत के हैं। उस सामाजिक सोच में भी बदलाव की आवश्यकता रहेगी जहां नैतिकता व अपेक्षाओं के मानक पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग हैं। परिवार में लड़कियों के मामले में ही हम क्यों कहते हैं कि कुछ ऊंच-नीच हो जायेगी। पुरुषों के मामले में ऐसा क्यों नहीं कहते हैं। पूरी सोच इसी पर होती है कि लड़कियां ऐसा नहीं करती हैं या लड़के ऐसा नहीं करते हैं। इसी मानसिकता का ही नतीजा होता है कि बलात्कारी किशोरों के जघन्य जुर्म को हल्के में लेते हुए कहा जाता है कि लड़के तो लड़के ही हैं। या पीड़ित लड़कियों या महिलाओं को ये संदेश देने की कोशिश की जाती है कि उनके पहनावे या देर तक बाहर रहने के कारण उन पर यौनिक हिंसा हुई।

गिक समानता को पाने में ऐसा भाव, चाहे महिलाओं में हो या पुरुषों में, बना रहना लैंगिक समानता पाने में एक अवरोधक है। इस कारण वे जेंडर अन्याय को भी नहीं पहचान पाते हैं। कई बार महिलाओं की स्वयं की सोच भी लैंगिक समानता के हक को पाने में या दूसरों के लिए उसको दिलाने में बाधक हो सकती हैं। उन्हें 'ऐसा तो होता ही आया है' की मनोवृत्ति से बाहर निकलना ही होगा। पुरुष मुख्यतः केवल अपने ऑफिस या काम के लिए जाने को तैयार होता है। महिलाएं सारा काम निपटा कर टिफिन तैयार कर दिन में उसके न रहने पर घर में जो होगा उसकी जरूरतें कैसे पूरी होंगी, ये सब सुनिश्चित कर काम पर जाती हैं। काम से घर लौटने पर महिला रसोई प्रबंधन व बच्चों के होम वर्क पर लग जाती है। पुरुष अपनी रुचि अनुसार ऑफिस से लौटने के बाद स्वतंत्र समझता है।जहां दम्पति दोनों नौकरीपेशा हों, वहां कार्यालय काम से घर आने के बाद और कार्यालय काम में जाने के पहले का व्यवहार या स्थितियां भी लैंगिक असमानता के सूचक ही नजर आते हैं।



सामाजिक व व्यक्तिगत सोच में नैतिकता व अपेक्षाओं के मानक पुरुषों व महिलाओं के लिए जब अलग-अलग हों तो लैंगिक समतामूलक न्याय भी कैसे पाया जा सकता है। यथार्थ में तो जिस तरह से किशोर अपराधियों व बलात्कारियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है उसकी चेतावनी तो यह है कि ऊंच-नीच के संदर्भ में लड़कों पर ज्यादा नजर रखे जाने की जरूरत है। फिर भी पूरा प्रवचन इसी पर होता है कि लड़कियां ऐसा नहीं करतीं, लड़के ऐसा नहीं करते।इसी मानसिकता के चलते राजनीति, प्रशासन या प्रोफेशनल क्षेत्र में उच्च मुकाम पाई महिलाओं को अपने व्यक्तिगत जीवन को लेकर दुष्प्रचार झेलने पड़ते हैं। कहीं-कहीं महिला पंचायत प्रधानों के अधीन पंचायत कर्मी काम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे ही माहौल में खाप पंचायतें इतनी प्रबल हो जाती हैं कि सुप्रीमकोर्ट को उन्हें बालिगों के मामले में हस्तक्षेप न करने को चेताना पड़ता है। लैंगिक समता पाने को व्यक्तिगत, सामाजिक-मानसिक जकड़नों व सोच के पतन पर भी चोट वांछित है।

सच्चाई यह भी है कि महिलाओं के पास भी पर्याप्त अवसर रहते हैं कि वो समाज में लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील होने के लिये बचपन से ही बच्चों को तैयार कर सकें। शिक्षक ज्यादातर कम से प्राथमिक कक्षाओं में महिलायें ही होती हैं। मां के रूप में भी अपने बच्चों में चाहे वे लड़के हों या लड़की लैंगिक समानता के लिए संवेदना बढ़ाने व उसे आचरण में अपनाने के लिये प्रेरित करने में महिलाओं के पास पर्याप्त अवसर होते हैं। यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो उस पर हम सभी को आत्मविश्लेषण की जरूरत है।कन्या जन्म में महिलाओं के लिये प्रताड़ना मुख्यतः पारिवारिक महिलाओं के दबावों के कारण ही आती है। वहीं किशोरियों या महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने में महिलाओं की संलिप्तता बहुत देखी जा रही है।लैंगिक भेदभाव मिटाने को आमजन को भी अपनी-अपनी जगह पर प्रयास करने होंगे। लैंगिक असमानता को प्रतिपादित करने वाले वातावरण पर चोट करने का काम तो करना ही होगा। हममें से हर कोई अवसर आने पर अपने व्यवहार से कर सकता है। निस्संदेह, कुछ चीजें सामाजिक परिवर्तनों व उनकी सामाजिक स्वीकार्यता से भी हुई हैं। कानूनी समर्थन तो उनके लिए बाद में आया। अतः समाज जहां लैंगिक असमानता के लिए जिम्मेदार रहा हो, वहीं वह लैंगिक भेदभाव समाप्त करने में भी सहायक हो सकता है। बदलाव के लिए नेताओं को तो काम करना ही होता है। आजादी के पहले कतिपय क्षेत्रों में सतीप्रथा का जारी रहना समाज की मूक स्वीकृति ही थी। कानून ने इसे प्रश्रय नहीं दिया था। इसकी समाप्ति में भी सामाजिक आंदोलन की प्रमुख भूमिका थी।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता

**ललित गर्ग**

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआइ को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है।

लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उस टीम पर हमला



बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे।

तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया?

आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज़ संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि कब मुक्ति मिलेगी शेख जैसे अपराधी तत्वों से राष्ट्र को? राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो। राजनीतिक दलों के बीच टकराव समझ में आता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वे कार्यकर्ताओं और अपराधियों के बीच के फासले को समझें। चंद वोटों की खातिर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों को शह देने के नतीजे सामने आते रहे हैं। अपराधी का न कोई धर्म देखा जाना चाहिए और न ही विचारधारा। कानून को अपना काम करने देना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सार्थकता है।

यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने या अपने दल का नेता बनाने का सवाल उभर जाता है। सवाल है कि क्या ममता अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा? हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे स्वस्थ राजनीति मूल्यों को स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? इस तरह अपराधी तत्वों को महिमामंडित करने के बाद ममता के दावों एवं लम्बे संघर्षों की क्या विश्वसनीयता धूमिल नहीं हो जायेगी? केवल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शेख को छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा कर अपनी पार्टी की अपराध-छवि को ढक नहीं सकती।

आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। राजनीति का यह हश्र आम लोगों के लिए गौर करने काबिल हो सकता है। यदि ऐसे मुद्दे प. बंगाल में लोकसभा चुनावों के केन्द्र में रहेंगे तो इससे बड़ा मजाक बंगाली जनता के साथ दूसरा नहीं हो सकता है क्योंकि बंगाली जनता देश की आजादी के आन्दोलन से लेकर स्वतन्त्र भारत तक में राजनीति के प्रगतिशील चेहरे एवं आदर्शवादी की पहचान रही है। इस राज्य ने एक से बढ़कर एक क्रान्तिकारी व गांधीवादी दिये हैं। इन साफ-सुथरी एवं प्रेरक स्थितियों के बीच शाहजहां शेख जैसे नेताओं के कुकृत्यों एवं तृणमूल कांग्रेस की दुर्दशा पर रोया ही जा सकता है। होना तो यह चाहिए था कि जब शाहजहां शेख के खिलाफ गंभीर महिला उत्पीड़न आदि के आरोप लगे थे तो तभी राज्य पुलिस त्वरित कार्रवाई करके उसे कानून के सामने पेश करती। बेशक आरोप गलत भी हो सकते हैं मगर प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला करने के लिए लोगों को उकसाना कैसे सही ठहराया जा सकता है?

ममता सरकार और बंगाल पुलिस कुछ भी दावा करे, इसमें संदेह नहीं कि उसने आपराधिक चरित्र वाले शाहजहां शेख का बचाव करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। जब कोई सरकार किसी कुख्यात व्यक्ति का बचाव करने में हिचक दिखाने से भी इन्कार कर दे तो भला इसे राजनीतिक निर्लज्जता के अलावा और क्या कहा जा सकता है? ममता सरकार के रवैये को देखते हुए यह अनिवार्य हो गया था कि ईडी पर हमले के साथ संदेशखाली की अन्य शर्मनाक घटनाओं के आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिले। इस तरह की आपराधिक राजनीति को प्रश्रय देने वाले तृणमूल कांग्रेस को भी उसकी जमीन दिखा देनी चाहिए। अपराधी तत्वों को संरक्षण एवं उच्च पदों पर स्थापित करना-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत - सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# महिलाओं को जागरूक करने सखी मंच ने मनाया महिला दिवस




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

महिला दिवस के अवसर पर सखी मंच ने महिला दिवस मनाया जिसमें डॉक्टर सुलोचना जैन डॉक्टर कांति भास्कर श्रीमती चंचल शास्त्री एडवोकेट सोनू पाठक श्रीमती उषा अग्रवाल के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन माधवी राठौर और अनु रघुवंशी ने किया स्वागत गीत अनीता अवस्थी अर्चना मिश्रा ने प्रजेंट किया ,रेखा शर्मा ने अतिथिओं को सखि मंच की स्थापना से आज तक किये गए कार्यों को प्रोजेक्टर के द्वारा वीडियो के माध्यम से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रेरणा अग्रवाल आभा सुनीता संगीता मनोरमा उर्मिला नंदा विजय ठाकुर सरोज अग्रवाल रेखा शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये । डॉ कांति भास्कर सखी मंच के द्वारा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की एवम ग्रामीण आदिवासी अंचलों में अनपढ़ महिलाओ व बालिकाओ के सशक्तिकरण के लिये प्रयास किये जाने की आवश्यकता बताई। एडव्होकेट चंचल शास्त्री एवम सोनू पाठक ने भी मंच के द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की ,महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर संभव कानूनी सलाह एवम मदद करने का आश्वासन दिया। अंत मे नंदा ठाकुर ने सभी कि उपस्थिति के लिए सखी मंच की ओर से आभार माना।




# महिला दिवस पर महिला मंडल द्वारा बुजुर्ग महिलाओं के घर पहुंच कर किया सम्मान

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा बुजुर्ग नारी शक्ति का उनके घर पहुंच कर शाल श्रीफल फूल मालाओं से सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। माहेश्वरी महिला मंडल ने बताया बड़े बुजुर्गों की उंगलियों में कोई ताकत तो ना थी मगर जब हमारा सिर झुका तो सिर पर रखे कापते हाथों ने जमाने भर की दौलत दे दी।उन्होंने बताया की सभी सम्मानित नारी शक्ति 90 वर्ष पार कर चुकी हैं बुजुर्ग नारी शक्ति में प्रभावती सराठे 96 वर्ष,सरोज अग्रवाल 95 वर्ष रामकुवंर सारडा 92 वर्ष जानकी देवी व्यास 91 वर्ष थी माहेश्वरी महिला मंडल ने कहा बुजुर्गों का सम्मान हम करें सम्मान यही है हमारे देश का अभिमान अनुभव का संसार इसमें समाया है इन्होंने ही परिवार सजाया है। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल की नीरू राठी अनुपमा तोषनीवाल सुनीता सारडा श्वेता साबू शीला सारडा उषा सारडा वर्षा सारडा प्रियंका सारडा नीतिका सारडा सहित माहेश्वरी महिला मंडल उपस्थित था।



**महाशिवरात्रि पर्व पर शिवमय रही नर्मदा नगरी...**

# आदिशक्ति के साथ शिव की होती रही रात भर आराधना




**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम.महाशिवरात्रि का पर्व आदि शक्ति जगदंबा और महादेव शिव की आराधना का पर्व है। हमेशा की तरह इस वर्ष भी नर्मदापुरम जिले में हर्ष और उल्लास के साथ महाशिवरात्रि का महापर्व मनाया गया।

प्रभात काल से ही शिव मंदिरों में पूजा पाठ अनुष्ठान के कार्यक्रम शुरू हुए जो देर रात तक जारी करें . अनेक स्थानों पर दिनभर भंडारी प्रसादी वितरण के कार्यक्रम होते रहे.

नर्मदा के पावन तट पर स्थित काले महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हुई जो देर रात तक जारी रही. शिव अभिषेक के कार्यक्रम इस मंदिर में हमेशा की तरह निरंतर जारी रहे. संध्याकाल महा आरती के दौरान सैकड़ो की तादाद में भक्तगणों का ताँता लगा रहा। सेठानी घाट पर पिछले 37 वर्षों में चली आ रही शिव अभिषेक की परंपरा को शिवार्चन समिति द्वारा इस वर्ष भी शिव भक्ति का स्वरूप दिया गया. आचार्य सोमेश परसाई द्वारा यहां हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर शिव अभिषेक किया गया. इस दौरान पंडित परसाई ने उपस्थित भक्तों को शिव महिमा से अवगत कराया।

इसके अलावा नगर के कोरीघाट कोठी बाजार घाट परमहंस घाट विवेकानंद घाट राजघाट खर्रा घाट मंगलवारा घाट पर भी शिव मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के कार्यक्रम होते रहे. इनमें से कई मंदिरों में अखंड रामायण के पाठ तथा भंडारा प्रसादी वितरण भी होते रहे. दूर दराज से आए अनेक स्थानों के भक्तों ने नर्मदा घाट स्थित शिव मंदिरों में अभिषेक कराए. मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज निरंतर जारी रही। नर्मदापुरम नगर के रसूलिया स्थित इच्छापूर्ति महादेव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ देखी गई. पेपर मिल स्थित आदिवासी समाज के शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर परंपरा अनुसार कार्यक्रम होते रहे. ग्वालटोली सदर बाजार मीनाक्षी चौक रेलवे स्टेशन हाउसिंग बोर्ड मालाखेड़ी बाबई रोड आदि स्थानों पर स्थित महादेव मंदिर में कहीं रामचरितमानस के पाठ तो कहीं अभिषेक अनुष्ठान के कार्यक्रम जारी रहे।



महाशिवरात्रि पर्व के दौरान पचमढ़ी के चौरागढ़ बड़े महादेव जटाशंकर आदि स्थानों पर भी भक्तों की भीड़ रही. हर साल महाशिवरात्रि पर पचमढ़ी में दूर-दूर से लोग आते हैं और शिव को त्रिशूल चढ़ाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि का पर्व अति उत्साह के साथ मनाया गया. कई शिव मंदिर में रामचरितमानस के अखंड पाठ के आयोजन हुए तो कई शिवालयों में फलाहरी प्रसादी का वितरण किया गया।

शिवरात्रि पर पर नर्मदा के विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ रही. स्थानीय तथा दूर दराज से आने वाले भक्तों ने नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई।

पर्व की गहमा गहमी देखते हुए प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए।

नगर के विशेष मार्गों पर पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गई।

**मामला: मीनाक्षी चौक के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर के बिना अनुमति निर्माण का**

# नर्मदापुरम में अतिक्रमण हटाओ मुहिम में की गई पक्षपात पूर्ण कार्रवाई !

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**मीनाक्षी चौक की सड़क को चौड़ी करने के लिए सड़क के आसपास स्थापित दुकानदारों को हटाया गया. लेकिन इसी रोड पर रॉयल केमिस्ट नाम का एक मेडिकल स्टोर अनाधिकृत रूप से संचालित है. इस मेडिकल स्टोर भवन को नगर पालिका द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किया गया. यह दवाई की दुकान एक नाले के ऊपर बनी हुई है. बरसात के दिनों में इस नाले में अधिक बाढ़ आ जाने से आसपास के क्षेत्र में पानी फैल जाता है। जिस दिन मीनाक्षी चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी उस दिन अधिकारियों को दिखाई नहीं दिया कि यह भवन भी अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण की चपेट में है. इस कार्यवाही से साफ जाहिर है कि या तो अतिक्रमण हटाओ दल द्वारा जानबूझकर अतिक्रमण को चिन्हित नहीं किया गया या फिर राजनीतिक दबाव से इस अनाधिकृत प्रतिक्रमण को नहीं तोड़ा गया ।।एक और तो शासन कहता है कि हम निष्पक्षता पूर्ण कार्रवाई करेंगे वहीं दूसरी ओर इस प्रकार पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करके लोगों को कहने का मौका दिया जा रहा है।**

## प्रशासन की कार्य शैली पर उठाए जा रहे सवाल



### बिना अनुमति का कैसे बन गया मेडिकल स्टोर भवन?

मीनाक्षी चौक से आईटीआई रोड के तरफ जाने वाले मार्ग पर एक नाले के ऊपर अनधिकृत रूप से बने रॉयल केमिस्ट भवन को आखिर अतिक्रमण महिम के तहत क्यों नहीं तोड़ा गया? जबकि नगर पालिका स्वयं लिखित में यह बात कह चुकी कि इस भवन को हमने निर्माण कार्य करने की अनुमति नहीं दी है. फिर किसकी अनुमति से यह भवन बन गया. वर्तमान में नगर पालिका के पार्षद तथा अधिकारी भी इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। जिला प्रशासन को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन संबंधित अधिकारी गण भी अपने कर्तव्यों से विमुख होकर अतिक्रमण मुहिम की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई को अनदेखा कर रहे हैं।

नगर में चर्चा का विषय है कि जब नगर पालिका ने इस भवन के निर्माण की अनुमति नहीं दी है फिर किसकी सिफारिश पर इस भवन का निर्माण किया गया है. कुछ लोगों को कहना है कि नगर पालिका के एक पूर्व अधिकारी द्वारा ले देके इस भवन का निर्माण कराया गया है. वह कौन अधिकारी है जिसने जनता के हितों को अनदेखा करते हुए एक जल निकास नाले के ऊपर इस तरह अतिक्रमण करके इस भवन का निर्माण करवाया है. अतिक्रमण महिम द्वारा इस भवन के आसपास कई दुकानों को हटाकर व्यवस्थित किया गया है लेकिन इस रायल केमिस्ट को हटाने के लिए किसी भी अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की। यदि अतिक्रमण महिम द्वारा इसी प्रकार पक्षपात पूर्ण कार्रवाई होती रही तो जनता को प्रशासनिक कार्रवाई पर से विश्वास ही उठ जाएगा।

### जनहित को लेकर मामला न्यायालय में ले जाने की तैयारी

सूत्र बताते हैं यदि जिला प्रशासन द्वारा जल निकास नाले के ऊपर बने इस भवन को नहीं हटाया गया तो मामला न्यायालय तक ले जाया जाएगा. फिर अतिक्रमण हटाने वाली टीम से पूछा जाएगा कि उन्होंने इस अवैध निर्माण पर कार्रवाई क्यों नहीं की। यहां सवाल उठता है कि जब नगर पालिका द्वारा लिखित में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मीनाक्षी चौक स्थित रॉयल केमिस्ट भवन को नगर पालिका द्वारा निर्मित किए जाने संबंधी कोई अनुमति नहीं दी गई. फिर बिना अनुमति के यह भवन कैसे बन गया. जरूर नगर पालिका के अधिकारी या जिला प्रशासन जुड़े कुछ अधिकारियों द्वारा इस भवन को अनाधिकृत रूप से मनमानी तरीके से ले देकर अनुमति दी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर भवन के सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण केलिए उनका शिक्षित होना आवश्यक है । महिला यदि शिक्षित होगी तो वह अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती है एवं स्वावलंबी बन सकती है । ऐसी स्थिति में वह हर प्रकार के शोषण एवं अन्याय से बच सकती है । उनके द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया । विशेष न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह ने अधिकारों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल तथा जनजागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को हमारे समाज में नारी शक्ति माना जाता है। यदि महिलाएं जागरूक रहे तो उनके अधिकारों का कोई भी हनन नहीं कर सकता । घरेलू महिलाओं को परिवार निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए महिलाओं को समाज द्वारा यथोचित सम्मान दिये जाने का आव्हान किया गया । उनके द्वारा महिलाओं को जागरूक रहते हुए जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसकी ओर कदम बढ़ाने तथा प्राप्त करने की बात भी कही गई । महिलाओं से सम्बंधित विधिक सेवा योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, सलाह एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई ।

**मेट्रो** **शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र शिवाजी पटेल, सुरेन्द्र पटवा ने किया दीप प्रज्वलन**

# विश्व प्रसिद्ध भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिनी महादेव महोत्सव का शुभारंभ



**रायसेन , दोपहर मेट्रो**

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रायसेन जिले के विश्व प्रसिद्ध भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय महादेव महोत्सव का मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व सभी के द्वारा शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। तीन दिवसीय महादेव महोत्सव के पहले दिन सागर के श्री जुगल किशोर नामदेव एवं साथी द्वारा बरेदी-बधाई लोकनृत्य, उज्जैन के शिरीष राजपुरोहित के निर्देशन में महादेव लीलानाट्य एवं भोपाल की सुश्री आकृति मेहरा एवं साथी द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। भोजपुर में महादेव महोत्सव दूसरे दिन 9 मार्च को सुश्री कृष्णा वर्मा एवं साथी, उज्जैन द्वारा मटकी लोकनृत्य, श्री सुमन साहा, कोलकाता के निर्देशन में ष्सतीष् लीला नाट्य, सुधा रघुरामन एवं साथी, दिल्ली द्वारा शिवशक्ति गायन एवं नृत्य और ध्वनि ब्रदर्स, भोपाल द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जावेगा। महोत्सव के अंतिम दिन 10 मार्च को सुश्री शीला त्रिपाठी एवं साथी, भोपाल द्वारा लोकगायन, सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा महादेव केंद्रित समूह नृत्य एवं सुश्री रक्षा श्रीवास्तव एवं साथी द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जावेगी।





# महिलाओं को दी गैस सिलेंडरों की सौगात, महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है मोदी ने:माधवी माथुर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित हुए वहीं मुगलसराय में प्रिंसी गैस एजेंसी के द्वारा 50 महिलाओं को गैस सिलेंडर और कनेक्शन प्रदान किए गए जिनका वितरण पूर्व महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य सभापति श्रीमती माधवी संजीव माथुर ने करते हुए कहा कि महिलाओं के मान सम्मान तथा उनका धुएं से मुक्ति दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा महिलाओं को बराबर का अधिकार देने का काम मोदी जी की सरकार कर रही है प्रदेश और केंद्र सरकार मिलकर महिलाओं के सम्मान के लिए कम कर रही है। आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है समूह के माध्यम से महिलाएं खुद का रोजगार स्थापित करके दूसरों को रोजगार देने का काम कर रही है। महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है यह सब संभव केंद्र, प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के बल पर ही संभव हो पाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

**महिला दिवस पर दिल दहलाने वाली घटना**

# घरेलू विवाद में जेठ ने बहू को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि पर दिल को दहलाने वाली घटना को अंजाम बेरहम जेठ ने दिया है जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एसडीओपी घटनास्थल पर मौजूद है दीपनाखेड़ा थाना थाने की पुलिस आरोपी की खोजबीन में लगी हुई है। शुक्रवार को सुबह 7 के करीब ग्राम गरौठा में घरेलू विवाद में जेठ ने इंसानियत को शर्मसार करते हुए बहू के ऊपर पेट्रोल डालकर उसको जिंदा जला दिया गंभीर हालत में महिला को सिरोंज के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालात ज्यादा ही खराब होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के रेफर कर दिया था। भोपाल में इलाज के दौरान शाम 6:00 बजे के करीब उसकी मृत्यु होने की सूचना भी प्राप्त हुई। गंभीर हालत में परिजनों महिला को भोपाल लेकर पहुंचे जहां पर उसकी मृत्यु हो गई है।




घटना की जानकारी लगने पर ही महिला के कथन भी लिए गए एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी भी तत्काल मौके पर पहुंच गए पहले से ही थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह और पुलिस मौजूद थी एसडीओपी ने बताया कि दो-तीन दिन से घरेलू विवाद चल रहा था सुबह पूजा केवट उम्र 25 साल घर पर खाना बनाने का कार्य कर रही थी तभी जेठ राजा उर्फ लल्लू केवट ने उसके ऊपर पेट्रोल डालकर बहु को जिंदा जला दिया आग लगने के बाद महिला काफी देर तक चीख पुकार करती रही घर में उसकी सास और छोटी 3 साल की बेटी थी उन्होंने बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया पति को सूचना दी जिसके बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी इसके बाद गंभीर हालत में महिला को अस्पताल लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया इसके बाद महिला को परिजन भोपाल लेकर पहुंचे पर आग में महिला ज्यादा झुलस गई थी इस वजह से महिला को बचाया नहीं जा सका पुलिस ने आरोपी पर 307 की धारा में पहले ही प्रकरण दर्ज कर लिया था देर शाम को गंभीर घायल महिला की मृत्यु हो गई है अस्पताल से मार्ग डायरी मिलने पर दीपनाखेड़ा पुलिस के द्वारा आरोपी पर 302 की धारा वी बढ़ाई जाएगी घटना सुबह 7 से 8 बजे के बीच का बताया जा रही है। जैसी ही इस घटना की जानकारी लगी तो एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी भी मौके पर ही पहुंच गया और दिनभर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए दीपनाखेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह के साथ टीम को लगाया पर समाचार लिखे जाने तक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई दूसरी ओर महिला दिवस पर जहां पूरे देश में महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है। वही जेठ ने घरेलू विवाद में अपनी बहू को जिंदा जला दिया इसकी जानकारी लगते ही पूरे गांव तथा आसपास के क्षेत्र में भी सनसनी फैल गए क्योंकि दिल को दहलाने वाली घटना हुई है कोई भी कितना ही निर्दयिक क्यों ना हो पर अपनी बहू को जिंदा जलाने का प्रयास नहीं करेगा पर ओछी मानसिकता रखने वाले व्यक्ति ने इतना बड़ा कदम उठाकर इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया है ऐसे आरोपों पर पुलिस प्रशासन को कठोरता कार्रवाई करनी चाहिए जिससे कि कोई भी इस तरह की घटना करने के बारे में सोच भी ना सके।

**इनका कहना है -**

*घरेलू विवाद में जेठ ने अपनी बहू के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया है। मामला दर्ज करके आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगी हुई जल्दी आरोपी को पकड़ लेंगे।*

***उमेश कुमार त्रिपाठी** एसडीओपी सिरोंज*



# महाशिवरात्रि पर हुए महाअभिषेक, देवपुर में दर्शनों के लिए भक्तों की लगी भीड़

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े भक्ति भाव के साथ मनाया गया सुबह से ही नगर के सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांत लग रहा मिट्टी से शंकर जी बनाकर घर-घर में पूजन हुई साथ ही मंदिरों पर भी शंकर जी बनाकर महा अभिषेक, तथा अभिषेक संपन्न हुए विशेष मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ की और उनके परिवार की पूजा अर्चना की गई।

धूमधाम से महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया गया देर शाम को हाजीपुर स्थित श्री नागेश्वर महामंत्र महादेव मंदिर से शिवजी की बारात निकाली जिसमें उनके बाराती नदी सांप घोड़े बिच्छू ततैया भी बने रथ पर शंकर जी का स्वरूप विराजमान था। डीजे की धुन पर बज रहे भजनों पर भक्त झूमते नाचते चल रहे थे। मुख्य बाजार से बारात श्री मदन मोहन सरकार मंदिर पर पहुंचकर शंकर जी और शिव जी का विवाह संपन्न हुआ इसके बाद आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं नगर के श्री नागेश्वर मंदिर श्री त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर, श्री जटाशंकर महादेव मंदिर, श्री छती नाका हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों पर पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रात भर हुए भजन कीर्तन। जलाभिषेक के साथ महा अभिषेक भी हुए बेलपत्र से लेकर भांग धतूरे आदि भी भगवान को अर्पित किए गए श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को मनाने के सभी प्रयास किए।

देवपुर धाम में लगा मेला - नगर से 12 किलोमीटर की दूरी स्थित देवपुर धाम में बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना अभिषेक करने के लिए सुबह से ही भक्तों का आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था देर शाम तक यहां पर श्रद्धालुओं को भीड़ लगी रही भीड़ को देखते ही महिला और पुरुषों को मंदिर समिति के द्वारा अलग-अलग कतरो में दर्शन करवाए गए साथ ही यहां पर मेले का आयोजन में किया गया श्रद्धालुओं पवित्र कुंड के जल से स्नान ध्यान करके बाबा विश्वनाथ स्वामी का जलाभिषेक पूजा अर्चना किया साथ ही यहां पर मेले का आयोजन भी हुआ जिसमें बड़ी संख्या में खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। दूसरी ओर ग्राम पिपलिया में बाबा बर्फानी मंदिर पर महा अभिषेक पूजन के बाद भंडारे का आयोजन में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की इसके अलावा अन्य मंदिरों पर भी भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम हुए देर रात तक भजन कीर्तन के अलावा विभिन्न कार्यक्रम चलते रहे।

**पिपलिया में हुआ भंडारा, निकली शिव बारात**



# मुक्तिधाम को पवित्र धाम बनाने की पहल, परिसर में पूजा अर्चना कर मनी शिवरात्रि

**मोक्षधाम समिति के सदस्यों ने दीपमालिका से किया मुक्तिधाम रोशन**





**सिरोंज।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नगर के लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम पर मोक्ष सेवा समिति के तत्वाधान में नई पहल करते हुए समूचे मुक्तिधाम परिसर को विधुत रोशनी से सजाकर पूजा अर्चना की गई। यहाँ समाजसेवियों ने पहुँचकर दीपमाला भी बनाई और पूजा अर्चना कर महाआरती भी की।

शुक्रवार को मोक्षधाम समिति के सदस्य कर शाम न केवल यहाँ एकत्रित हुए बल्कि समूचे परिसर में दीपक की रोशनी करते हुए जगमगाया। इसके स्थान पर स्थापित देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सामूहिक आरती भी की गई। भव्य मुख्य प्रवेश द्वार के साथ ही यहाँ बने भवनों पर विधुत सज्जा भी करवाई गई थी तथा लाउडस्पीकर पर भगवान भोलेनाथ के भजन करवाये जा रहे थे। नगर के अनेक सामाजिक संगठनों के जागरूक सदस्यों के साथ एसडीएम हर्षल चौधरी ने भी यहाँ पहुँचकर सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था का अवलोकन कर पूजा अर्चना की। इसके पूर्व दिन में यहाँ स्वच्छता अभियान करते हुए साफ सफाई भी की गई। उल्लेखनीय है कि लगभग दो वर्षों से शनि मंदिर के पास स्थित इस मुक्तिधाम की दशा और दिशा सँवारने के लिए स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पहल करते हुए एक समिति का गठन किया और जन सहयोग से इस स्थान को अंतिम संस्कार के लिए आने वाले नागरिक परिवारों के लिए सुंदर, स्वच्छ और सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए अभियान के रूप में लिया था। तब से लगातार इस स्थान पर जनसहयोग से वृक्षारोपण के साथ निर्माण के अनेक कार्य सम्पन्न हो रहे है। सप्ताह के प्रत्येक रविवार को यहाँ सामूहिक स्वच्छता अभियान भी किया जाता है।

महाशिवरात्रि पर्व पर समिति के सदस्यों ने इस परिसर पर आयोजन करने का निर्णय लिया। इस अवसर ओर समिति के सदस्य राम प्रकाश साहू ने बताया कि यह हमारा प्रथम प्रयास था समाज ने भी सकारात्मक सहयोग किया अब अगले वर्ष से इस स्थान पर हमारा प्रयास रहेगा कि बम यहाँ भोले बाबा का एक मंदिर भी स्थापित करवाएं ओर भजन कीर्तन आदि भव्यता के साथ सम्पन्न कर सकें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश भार्गव, मुकेश नेमा,शिवकुमार भार्गव, राकेश सक्सेना,सचिन शर्मा, अनिल राठौर,श्याम कुमार साहू, शेरसिंह भदौरिया, ज्योतेंद्र भास्कर,जगदीश शाक्य,रोहित यादव,विमल साहू आदि अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की लापरवाही और क्योस्क सेंटर वालों की मनमानी की हो गई हद

**आखिर कब तक चलता रहेगा ये सब, गरीबों से लिया जा रहा है पैसा निकालने का पैसा**




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अब तो साहब बिलकुल ही हद हो गई, ना प्रषासन ध्यान देने तैयार है और ना ही क्योस्क सेंटर वाले सुधार करने तैयार हैं। जिसकी बदौलत कुल मिलाकर परेषानी का षिकार होना गरीब को ही पड रहा है। ये मामला है चल रहे क्योस्क सेंटरों का जहां कई बार खबरों के माध्यम से आमजन और अधिकारियों के सामने रख चुके हैं। क्योस्क सें मीडिया के माध्यम से इस मामले को बराबर सामने लाया जा रहा है कि जो क्योस्क सेंटर ग्रामीण क्षेत्र के षहर के बीचो बीच चल रहे हैं। उनकी जांच की जाये और वापस उन्हे अपनी जगह भैजा जाये जहां के नाम से रजिस्टेड कराया गया है। ताकि ग्रामीणों को पैसे निकालने के लिये इतनी परेषानी का सामना करना ना पडे। प्रषासन के अधिकारियों को इसकी खबर ना हो खबर है क्योस्क सेंटरों पर ध्यान दिया जाये परंतु पता नहीं आज दिनांक तक क्यूं ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन गरीब को इसका खामयाजा भुगतना पड रहा है। और वो क्योस्क सेंटरों वाले जिन्होने गांव के नाम का लिया था बिना किसी खौफ के षहर के बीचो-बीच बैठकर चला रहे हैं। गांव के गरीब परेषान होते हुये यहां आ रहे हैं।

**लिया जा रहा है पैसा निकालने का पैसा**

ज्ञात होकि बैंक द्वारा क्योस्क सेंटर संचालकों को पैसा निकालने की कमीशन बैंक द्वारा दी जाती है इसके बाद बाद क्योस्क सेंटर संचालक गरीब लोगों का अलग से पैसा लेकर खून चूसते है जबकि यह गैर कानूनी है।

**जीरो खाता खोलने के लिये जा रहे है पैसे**

क्योस्क संचालकों द्वारा जीरो खाता खोलने के गरीब जनता एवं स्कूली बच्चों से अवैध रूप से पैसा वसूला जा रहा है अगर कोई पैसा देने से इंकार करता है तो क्योस्क सेंटर संचालक उसका खाता नहीं खोलते कई बहाने बना देते है जैसे पोर्टल नहीं चल रहा, अभी बैंक द्वारा खाते नहीं खोले जा रहे आदि इस मजबूरी से लोगों को पैसा देकर खाता खुलवाना पड़ता है।

# सिरोंज ब्लाक की कई शालाएं हो जाती है 2:30 बजे बंद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एक और शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सरकार के नियमों का पालन कराने में प्रचार प्रसार कर रहें है तो वही सिरोंज जनपद पंचायत अर्न्तगत आने वाले कई स्कूल बसों के समय अनुसार से खुलते एवं बंद होते है सिरोंज जनशिक्षा केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाली अधिकतर शालाएं 11 के बाद खुलती हैं एवं 2:30 बजे से बंद होना शुरू हो जाती है क्षेत्र में जनशिक्षक शालाओं का निरिक्षण नामात्र करते हैं जिससे शिक्षकों के होसले बुलंद है अपनी मनमर्जी से शाला जाते और आते है जिस कारण शालाओं में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है ऐसा नहीं हैं इसकी खबर जनशिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारिओं को नहीं हो खबर होने के बाद भी अधिकारी अपनी कुर्सी से उठकर शालाओं का निरिक्षण ही नहीं करना चाहते हैं इस कारण शालाएं अब भगवान भरोसे ही संचालित हो रही है और गरीब बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा हैं अब देखना ये की विकासखंड या जिले का कौनसा अधिकारी शालाओं के इस खराब ढाचरे को सुधारने के लिये आगे आता है।




## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तीन महिला परिषद की शाखाओं का गठन और शपथ ग्रहण किया

**सिरोंज।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन सर्वोदय महिला परिषद सोमा संभाग सिरोंज के द्वारा संभाग स्तरीय कार्यक्रम व नवीन सत्र का प्रारंभ विश्व बंदिनीय गुरुदेव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि देकर किया गया।



कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रचलन कर मंगलाचरण श्रीमती सम्बुल जैन द्वारा किया गया सोमा संभागीय के अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा जैन एवं सचिव श्रीमती शशि जैन द्वारा नवनिर्वाचित शाखा राजपुर, सर्वोदय महिला परिषद व दिव्यदेशना महिला परिषद का गठन कराया गया और तीनों परिषदों को शपथ दिलाई गई। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया, साथ ही नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान व उपहार भेंट किए गए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें फर्स्ट, सेकण्ड एवं थर्ड पुरूस्कार रखे गए।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल**

क्रं./थाप्र/तलैया/डी-08/24 | दिनांक 05.03.2024

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तलैया भोपाल के मर्ग क्रमांक 08/24 धारा 174 जा.फा. म मृतक अज्ञात पुरूष पिता अज्ञात उम्र 60 वर्ष निवासी काली मंदिर के पीछे थाना तलैया भोपाल जिसका हुलिया-रंग गेंहुआ, चेहरा- गोल, कद -5 फिट 02 इंच के करीबन, बदन- इकहरा बदन, पहनावा- हरे कलर का स्वेटर, अंदर सफेद कलर की टी शर्ट खाकी कलर का पेन्ट पहने है। अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल - नहीं है। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 60 वर्ष के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना तलैया में आकर संपर्क करें अथवा थाना तलैया मो. नं. 9479990560, 9479990553 को पर तत्काल संपर्क करें।

G-25645/23

**थाना प्रभारी**
**थाना तलैया जिला भोपाल**




## भारत-इंग्लैंड मैच: लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 119 रन पर 6 विकेट

# इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौटी

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। तीसरे दिन शनिवार को भारत पहली पारी में 477 रन पर ऑलआउट हो गया। गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने पहली पारी में 218 रन बनाए। लंच तक इंग्लैंड टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 119 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। बेन डकेट 2, जैक क्रॉली 0, ओली पोप 19, जॉनी बेयरस्टो 39 और बेन स्टोक्स 2 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन ने चार विकेट लिए। एक विकेट कुलदीप यादव को मिला। भारत के लिए पहली पारी में शुभमन गिल ने 110, रोहित शर्मा ने 103, यशस्वी जायसवाल 57, देवदत्त पडिक्कल ने 65 और सरफराज खान ने 56 रन बनाए। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने 5 विकेट लिए। जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले ने 2-2 विकेट झटके।

### इंग्लैंड की आधी टीम 103 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटी

इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के आउट होने के साथ ही आधी टीम 103 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गई है। बेन स्टोक्स अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 10 गेंदों का सामना कर 2 रन बनाया। अश्विन के अब दूसरी पारी में भी चार विकेट हो चुके हैं। इस विकेट के साथ ही अंपायर ने लंच डिक्लेयर कर दिया। इंग्लैंड ने 21वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। बेन स्टोक्स ने रवींद्र जडेजा की बॉल पर सिंगल लेकरटीम का स्कोर 100 तक पहुंचाया।

### 92 रन पर इंग्लैंड को चौथा झटका

इंग्लैंड को 92 रन के स्कोर पर चौथा झटका लगा। जॉनी बेयरस्टो 39 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। बेयरस्टो ने 31 गेंदों का सामना किया। वहीं कुलदीप का दूसरी इनिंग में यह पहला विकेट है। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए थे।

### दूसरी पारी में अश्विन को 4 विकेट, रूट नाबाद लौटे, पोप 19 रन बना कर आउट

इंग्लैंड का तीसरा विकेट 36 रन पर गिरा। ओली पोप 19 रन बना कर आउट हो गए। उन्होंने 23 गेंदों का सामना किया। उनका विकेट अश्विन ने यशस्वी जयसवाल के हाथों कैच कराकर लिया। अश्विन के दूसरी पारी में भी तीन विकेट हो गए हैं। वहीं इससे पहले उन्होंने पहली पारी में 4 विकेट झटके थे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। शनिवार को भारत पहली पारी में 477 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम इंडिया आज 473/8 के स्कोर को आगे बढ़ाई। 5 रन बनाने में दो विकेट गंवा दी। दूसरी पारी में अश्विन ने इंग्लैंड टीम के 4 विकेट झटक लिए हैं।

### अश्विन ने इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया, जैक क्रॉली शून्य पर आउट

आर अश्विन ने क्रॉली को सरफराज के हाथों कैच करा कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट झटका। क्रॉली बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्होंने 16 गेंदों का सामना किया। इससे पहले अश्विन ने डकेट का विकेट लिया था।

## पीवी सिंधु फ्रेंच ओपन से हुईं बाहर, क्वार्टर-फाइनल में ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेइ ने दी मात

# चोट के कारण वापसी कर रही सिंधू ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया




**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू पेरिस में आयोजित हो रहे फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैम्पियन चीन की चेन यू फेइ से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं. चोट के कारण करीब 4 महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. सिंधू ने कांटे का पहला सेट 24-22 से अपने नाम किया. करीब डेढ़ घंटे तक चले इस कड़े मुकाबले को अपने नाम करने के लिए सिंधू ने भरसर प्रयास किया लेकिन उन्हें 24-22, 17-21 और 18-21 से हार का सामना करना पड़ा.

बता दें कि, सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया था. लेकिन, इसके बाद खेले गए पिछले दो मुकाबलों में सिंधू को चेन से परास्त मिली.

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के साथ-साथ महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. दोनों भारतीय जोड़ी के मुकाबले आज देर रात तक खेले जाएंगे. सात्विक-चिराग की जोड़ी का सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा. वहीं, त्रिसा-गायत्री की जोड़ी शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी का सामना करेगी।

## टीम टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं पहुंची

# हैमिल्टन ने जिम्बाब्वे क्रिकेट डायरेक्टर का पद छोड़ा, 3 महीने पहले हटे थे कोच

**युगांडा, एजेंसी**



पूर्व क्रिकेटर हैमिल्टन मसाकाद्जा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट के डायरेक्टर का पद छोड़ दिया है। उनकी टीम 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, इसीलिए मसाकाद्जा ने यह फैसला लिया। 3 महीने पहले टीम के कोच डैव हटन ने भी अपना पद छोड़ दिया था। मसाकादजा ने 2019 में क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था। उन्हें फिर अक्टूबर में डायरेक्टर का पद सौंप दिया गया। मसाकाद्जा ने अपने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा, मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट की सक्सेस और असफलता को देखने के बाद बहुत ध्यान से पद छोड़ने का फैसला किया। मेरे करियर में टीम को सफलता मिली लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना निराशाजनक है। हम एकमात्र फुल मेंबर टीम है, जो टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी। युगांडा के खिलाफ हारना टीम और मेरे करियर का सबसे खराब फेज है। मैं इस बात की पूरी जिम्मेदारी लेकर अपने पद को छोड़ता हूं।

### 2 साल बाद अंडर-19 वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

जिम्बाब्वे मसाकाद्जा ने कहा, मेरे लिए यह फैसला लेना मुश्किल था लेकिन मैं अब भी जिम्बाब्वे क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा। 2026 में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप और 2027 के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी पर मेरा फोकस रहेगा। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे, नामीबिया और साउथ अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित होगा। जबकि 2026 का अंडर-19 वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। 2022 में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में हराया था।

## नागल इंडियन वेल्स एटीपी टूर्नामेंट में पहले दौर में हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया । रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे । एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को 1 घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3.6, 3.6 से पराजय झेलनी पड़ी । नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे थे लेकिन ऐन मौके पर नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे । वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सकते हैं ।



## मेट्रो बाजार

# अगले हफ्ते दो आईपीओ ओपन होंगे, निवेश का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अगले हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए 2 इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओओपन होंगे। इसमें पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड और क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड शामिल है। पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज इस आईपीओके जरिए 601.55 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 250 करोड़ के 8,474,576 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल के जरिए 351.55 करोड़ के 11,917,075 शेयर बेचेंगे। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 12 मार्च से 14 मार्च तक बोली लगा सकेंगे। 19 मार्च को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। मैक्सिमम 650 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 280-295 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 50 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओके अपर प्राइज बैंड 295 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,750 इन्वेस्ट करने होंगे। मैक्सिमम 13 लॉट यानी 650 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 191,750 खर्च करने होंगे। आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 9.15 फीसदी यानी 27 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 295 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 322 पर हो सकती है। हालांकि, यह केवल अनुमान होता है, शेयर की लिस्टिंग की प्राइस ग्रे मार्केट की प्राइस से काफी अलग होती है।




# स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से, पिछली बार जियो ने 5 फीसदी पर 88,078 करोड़ खर्च किए थे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत की अगली स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई को शुरू होगी। डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकॉम ने 8 मार्च को इसे लेकर नोटिस इनवाइटिंग डॉक्यूमेंट जारी किया है। इस बार नीलामी में टेलिकॉम ऑपरेटरों से ज्यादा अच्छे रिस्पॉन्स की उम्मीद नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले साल ही कंपनियों ने काफी सारा स्पेक्ट्रम खरीदा था। कंपनियों का फोकस उन स्पेक्ट्रम के टॉपअप पर होगा जो उनके ऑपरेशन में हैं और एक्सपायर होने जा रहे हैं। टेलिकॉम डिपार्टमेंट को नीलामी से करीब 10,000 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम को 96,317.65 करोड़ रुपए के बेस प्राइस पर नीलामी में रखा जाएगा। इस नीलामी में दिवालियेपन से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के अलावा 2024 में अवधि पूरी होने पर एक्सपायर होने वाले स्पेक्ट्रम को भी रखा जाएगा। भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 1,800 एमएच 5 और 900 एमएच के 4 जी बैंड में समाप्त होने वाले पुराने लाइसेंस को रिन्यू करेंगे। ब्रोकरेज जेफरीज के अनुसार, एयरटेल को लगभग 4,200 करोड़ रुपए और वोडाफोन आइडिया को लगभग 1,950 करोड़ रुपए की एयरवेव्स को रिन्यू करना होगा, जबकि मार्केट लीडर रिलायंस जियो को इस साल कोई भी स्पेक्ट्रम रिन्यूअल नहीं करना होगा। पिछली बार जियो ने 5 फीसदी पर 88,078 करोड़ खर्च किए थे।



## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

### 'केरल स्टोरी' में धमाल मचा चुकी है एक्ट्रेस

# 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' के लिए अदा को बढ़ाना था 10 किलो वजन




'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' को लेकर बात की. इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने किस तरह से अपना वजन बढ़ाया था. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपने लुक को लेकर और भी खुलासे किए. जानें एक्ट्रेस ने क्या कहा?. 'केरल स्टोरी' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के बाद एक्ट्रेस अदा शर्मा अब अपनी अपकमिंग फिल्म 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और जोर शोरों के साथ प्रमोशन में लगी हुई हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर पोस्ट भी शेयर करती रहती हैं. इस बीच फिल्म में एकदम अलग अंदाज में नजर आने वाली एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने लुक को लेकर बात की. द केरल स्टोरी एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने लुक को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी और फिल्म के लिए उन्होंने अपना 10 किलो तक वजन बढ़ाया। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में माओवादी विद्रोह पर बेस्ड फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी के लिए अदा को 10 किलो तक वजन बढ़ाना था, मगर साथ ही रोल में फिट भी रहना था. इस बीच एक्ट्रेस ने खुलासे करते हुए बताया कि वजन बढ़ाने के लिए एक्ट्रेस ने एक दिन में 15-15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाती थीं. एक्ट्रेस ने बताया कि हम जंगलों में शूटिंग कर रहे थे तो मेरी मां ने मुझे लड्डुओं का एक पूरा डिब्बा दिया, मैं दिन में चार लड्डू खा जाती थी। अदा ने कहा कि मुझे 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' के लिए 10 किलो वजन बढ़ाना था. लेकिन मुझे बहुत फिट भी रहना था, पहाड़ों पर चढ़ने और राइफल के साथ एक्शन करने में भी सक्षम होना था. ऐसे में मैंने हर दिन लगभग 15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाए. 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित है. फिल्म में अदा शर्मा के साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी अहम रोल में हैं।

# ओपनिंग डे पर छाई अजय-माधवन की 'शैतान'

अजय देवगन, आर. माधवन और साउथ एक्ट्रेस ज्योतिका स्टारर काला-जादू वाली फिल्म शैतान ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग डे पर धमाका कर दिया है. फिल्म बीती 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर छा गई. अजय, माधवन और ज्योतिका तीनों ही स्टार पहली बार साथ में काम कर रहे हैं और उनकी तिकड़ी ने दर्शकों को खूब मनोरंजन किया है. आइए जानते हैं फिल्म ने ओपनिंग डे पर कितनी कमाई की और फिल्म अपने पहले वीकेंड में कितना कलेक्शन कर सकती है. यू/अ सर्टिफिकेट से साथ रिलीज हुई यह वशीकरण टाइप फिल्म शैतान ने अपने ट्रेलर से दर्शकों को अपनी ओर खींचा था. ट्रेलर में अजय, माधवन और ज्योतिका ने अपने फैंस को इस फिल्म को देखने के लिए मजबूर कर दिया था. वहीं, 8 मार्च को सोलो रिलीज में शैतान ने थिएटर में पहले ही दिन हिंदी बेल्ट में 25.70 फीसदी का ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया 'शैतान' की ओपनिंग डे की कमाई की बात करें तो इसने पहले ही दिन 14.50 करोड़ का बिजनेस किया है. ओपनिंग डे की कमाई के आधार पर कहा जा सकता है कि फिल्म अपने पहले वीकेंड पर 50 करोड़ के आंकड़े के करीब पहुंच सकती है। आपको बता दें कि शैतान गुजरात फिल्म 'वश' का शानदार हिंदी रीमेक है. काला जादू पर आधारित इस फिल्म में माधवन एक वशीकरण शैताना के रोल में दिख रहे हैं, जिसके चंगुल से अजय देवगन अपनी बेटी को प्रोटेक्ट करते हैं।

# फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' अधूरी स्क्रिप्ट को लेकर श्योर नहीं थे सिद्धांत

बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने 2019 में फिल्म 'गली बॉय' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालिया इंटरव्यू में सिद्धांत ने खुलासा किया कि उन्हें रणबीर कपूर स्टारर 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1' ऑफर हुई थी। सिद्धांत ने इस फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था जिसके बाद उन्हें कई कास्टिंग प्रोफेशनल्स का क्रिटिसिज्म झेलना पड़ा था। एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने कहा, 'एक कास्टिंग डायरेक्टर की तरफ से मुझे फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में एक रोल ऑफर किया गया था, पर इसके लिए मुझे कोई स्क्रिप्ट या ऑडिशन नहीं दिया गया। यह कैरेक्टर एक मार्शल आर्टिस्ट का था, जो एक आश्रम में रहता है। मेकर्स ने मुझे बताया कि यह एक बड़े बजट की वीएफएक्स बेस्ड फिल्म है जिसे बनने में 5 साल लगेंगे।'

> फिल्म के लिए सिलेक्ट होने के बाद भी सिद्धांत ने इसे रिजेक्ट कर दिया। इसके बाद कास्टिंग सर्किट वालों ने सिद्धांत को ब्लैक लिस्टेड कर दिया।



### कास्टिंग डायरेक्टर मुझ पर खूब चिल्लाया

सिद्धांत ने आगे बताया, 'मैं 'ब्रह्मास्त्र' की अधूरी स्क्रिप्ट के चलते फिल्म में अपने रोल को लेकर श्योर नहीं था। ऐसे में मैंने इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर से कहा कि मैं यह फिल्म नहीं कर पाऊंगा तो वो मुझ पर खूब चिल्लाया। बोला- क्या पागल है? धर्मा के साथ है। 3 फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट है। इसके जवाब में मैंने उससे कहा कि जिस फिल्म में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट साथ होंगे। वहां मुझे कौन देखेगा?' इस फिल्म के लिए सिलेक्ट होने के बाद भी सिद्धांत ने इसे रिजेक्ट कर दिया। इसके बाद कास्टिंग सर्किट वालों ने सिद्धांत को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। वो बोलते थे कि ये लड़का तो पागल है। सिलेक्ट होकर ना बोल देता है। सिद्धांत काफी बदनाम हो गए थे और लोग उन्हें एरोगेंट समझते थे। सिद्धांत ने आगे बताया कि बाद में फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' से वो पार्ट ही एडिट कर दिया गया जो उन्हें ऑफर किया गया था।

### 2016 में टीवी से किया था एक्टिंग डेब्यू

सिद्धांत ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2016 में टीवी शो 'लाइफ सही है' से की थी। इसके बाद वो वेब सीरीज 'इनसाइड एज' में नजर आए। 2019 में 'गली बॉय' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले सिद्धांत ने अब तक 'बंटी और बबली 2', 'गहराईयां', 'फोन भूत' और 'खो गए हम कहां' जैसी फिल्में की हैं। उनकी अगली फिल्म 'युधरा' है। इसी दौरान सिद्धांत को उनकी डेब्यू फिल्म 'गली बॉय' ऑफर हुई थी, जिसे उन्होंने एक्सेप्ट किया। अब सिद्धांत को लगता है कि जो भी हुआ सही हुआ।

मंत्रालय में आग





भोपाल। राज्य मंत्रालय की इमारत में लगी आग को बुझाने की कोशिशें दोपहर तक जारी रहीं। इसमें दर्जनों दमकलें व कर्मचारी जुटे रहे।

# तेज रफ्तार कार ने ठेला ले जा रहे बुजुर्ग और युवक को मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित महेश्वरी अस्पताल के सामने तेज रफ्तार कार ने ठेला धकेलकर ले जा रहे बुजुर्ग और युवक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई है और उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार भरत ललवानी पिता जयकिशन ललवानी ( 30 ) स्वामी शांति प्रकाश नगर, करोंद में रहते हैं और शाहजहांनाबाद थाने के सामने ठेला लगाते हैं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे आसपास उसके दादा नत्थूलाल ललवानी और छोटा भाई शरण ललवानी शाहजहांनाबाद ठेला लेकर जा रहे थे। महेश्वरी अस्पताल के सामने पहुंचते ही लालघाटी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सफेद कलर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक रुका नहीं और मिलेट्री एरिया की तरफ भाग निकला। हादसे के बाद भीड़ में किसी व्यक्ति ने ठेले पर लिखे मोबाइल नंबर पर कॉल किया और घटना की जानकारी उन्हें लगी। वे मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से दादा और भाई को 108 एंबुलेस से हमीदिया अस्पताल पहुंचे। हादसे में उनके दादा को दोनो पैरों में और सीधे हाथ में चोट आई है व मेरे भाई शरण को दाहिने पैर की जांघ मे चोट आई है।

### पीएम रिपोर्ट में चोट का जिक्र नहीं, अब बिसरा परीक्षण के लिए भेजेगी पुलिस

# करबला के पास तालाब से नवजात का शव बरामद, मां पर पैदाइश छिपाने प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित करबला के पास बड़े तालाब में गत रविवार दोपहर तालाब से बरामद हुई नवजात बच्ची की लाश का पीएम करा दिया गया था। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने अपने ओपिनियन में हत्या की बात से इंकार किया है, लेकिन मामला नवजात बच्ची से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अपनी जांच खत्म नहीं की है।**

पुलिस का कहना है कि बच्ची का बिसरा प्रिजर्व किया है। बिसरा परीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ सकेगी। पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात मां के खिलाफ पैदाइश छिपाने का प्रकरण दर्ज किया है।


फाइल फोटो

मामले की जांच कर रहे एसआई शोभाराम ने बताया कि बच्ची की शिनाख्त करने अब तक वह चालीस से ज्यादा नर्सिंग होम्स और मेटरनिटी अस्पतालों में पूछताछ कर चुके हैं। कोहेफिजा और आसपास के थाना क्षेत्रों के अस्पतालों में अभी सुनिता नाम की किसी भी प्रसूता की जानकारी नहीं मिली। दरअसल, बच्ची के पैर में टैग लगा मिला था। उक्त टैग में बच्ची की मां का नाम सुनिता लिखा हुआ था और बच्ची का वजन 2 किलो 560 ग्राम अंकित था। वजन से अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रसूता ने स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची का वजन देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि उसे मौत के बाद नहीं, बल्कि पैदाइश छिपाने की गरज से तालाब में फेंका गया था।

उल्लेखनीय है कि कोहेफिजा पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास करबला तालाब से एक नवजात बच्ची का शव बरामद किया था। नवजात बच्ची का शव करीब दो दिन पुराना होने के कारण डिकंपोज हो गया था। बच्ची के शरीर पर मां और बच्ची को पोषण के लिए जोड़ने वाला प्लेसेंटा मौजूद था।

# होर्डिंग्स निकालते समय करंट से झुलसे युवक की मौत, दुकान मालिक पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस ने दुकान में काम करते समय करंट लगने से कर्मचारी की मौत के मामले में दुकान मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मालिक ने नौकर से कहा था कि दुकान के सामने लगा होर्डिंग्स निकालना है। कर्मचारी होर्डिंग्स निकाल रहा था, तभी सामने से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे करंट का तगड़ा झटका लगा?था और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि दुकानदार की लापरवाही से कर्मचारी को करंट लगा?था और उसकी मौत हो गई?थी।


फाइल फोटो

एसआई अजय दुबे ने बताया कि सुंदर नगर अशोका गार्डन निवासी विजय विश्वकर्मा ( 30 ) सौभाग्य नगर में रहने वाले सूरज राठौर की दुकान में काम करता था। सूरज राठौर का मकान ऊपर और नीचे दुकान है। गत 8 फरवरी को सूरज राठौर ने विजय से कहा?था कि दुकान में लगा होर्डिंग्स निकालना है। सूरज कुछ लोगों की मदद से बोर्ड निकाल रहा था, तभी सामने से गुजरी हाईटेंशन लाइन के संपर्क में बोर्ड आ गया और उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी थी।

# गीला कचरा जलाने डाला पेट्रोल, आग भभकने से जली युवती की मौत


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित विष्णु हाइटेक सिटी, बावड़िया कला में गीला कचरा जलाते समय पेट्रोल छिड़कर कर आग लगाने से युवती झुलस गई। उसे अंदाज नहीं था कि पेट्रोल में इतनी तेज आग लगेगी। आग भभकने से वह गंभीर रूप से झुलसी थी। भाई उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दीक्षा लोधी पिता देवेंद्र लोधी ( 29 ) गांव पांजरा, थाना देवरी जिला रायसेन की रहने वाली थी। वह विष्णु हाइटेक सिटी में रहती थी। गत 2 मार्च को वह घर की साफ सफाई करने के बाद निकला गीला कचरा जला रही थी।

कचरा गीला होने के कारण जल नहीं रहा था। उसने कचरे में पेट्रोल छिड़का ही था कि हल्की आग एकाएक भभक गई और वह आग से झुलस गई?थी। चीख पुकार सुनकर उसका भाई उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई।

## बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सागर पब्लिक स्कूल के पास गत 3 मार्च को बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील कुमार सोलंकी पिता रजोश सोलंकी (27) भानपुर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत तीन मार्च की रात सागर पब्लिक स्कूल के पास उसकी बाइक फिसल गई। गंभीर चोट होने के कारण एंबुलेंस उसे एम्स लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे के आसपास सुनील की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद से ही वह होश में नहीं था। लिहाजा उसके बयान नहीं हो सके।

**मेट्रो एंकर** युवक के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण का मामला दर्ज

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म, चार साल तक दैहिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद पुलिस ने प्राइवेट फायनेंस कंपनी में नौकरी करने वाली युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि करीब चार साल से आरोपी उसका दैहिक शोषण कर रहा था और अब शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलतः नर्मदापुरम में रहने वाली 27 साल की युवती, एक प्राइवेट फायनेंस कंपनी में नौकरी करती है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान आगरा निवासी सौरभ त्यागी से हुई थी। उस समय सौरभ त्यागी, जाटखेड़ी में किराए के कमरे में रहता था।

सौरभ त्यागी और पीड़िता की इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद चेटिंग और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। सौरभ त्यागी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन दिया और अपने कमरे पर



फाइल फोटो

बुलाया था। वहां मार्च 2020 में पहली बार पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो उसने जल्द ही शादी करने की बात कही थी। इसके बाद पीड़िता और सौरभ अयोध्या नगर में किराए का मकान लेकर लिव इन रिलेशन में रहने लगे। पीड़िता जब उसे शादी का कहती थी वह कोई न कोई बहाना बनाकर शादी की बात टाल देता था। करीब चार महीने पहले आरोपी उसे छोड़कर आगरा चला गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। परेशान होकर पीड़िता ने उसकी शिकायत मिसरोद थाने में की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जल्द ही पुलिस की एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगरा जाएगी।

# मधुवन सिटी में 74 हजार की नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित मधुवन सिटी प्रियंका नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर नकबजन 74 हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए। जेवरात की सूची मकान मालिक ने अभी पुलिस को नहीं सौंपी है। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर नकबजनों की तलाश शुरू कर दी है।


फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार मधुवन सिटी प्रियंका नगर निवासी 36 साल के मुदित खरे निजी कंपनी में काम करते हैं। गत दिनों वह कंपनी के काम से हैदराबाद चले गए। उनकी पत्नी छतरपुर की है और वह भी मकान के मुख्य गेट पर ताला लगाकर चली गई। कल शुक्रवार को उनके पड़ोसी विकास ने उन्हें मोबाइल पर बताया कि घर के मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा हुआ है। ताला टूटने की जानकारी मिलने पर दंपती भोपाल पहुंचे थे। इस दौरान पता चला कि नकबजन अलमारी का लॉकर तोड़कर 74 हजार रुपए की नगदी और इस्तेमाली जेवरात लेकर गए हैं। इधर औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में फैक्ट्री के गोदाम का ताला तोड़कर दिनदहाड़े बदमाश ड्रील मशीन, दो बंडल केबल वायर समेत तीस हजार रुपए का माल चुराकर ले गए। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक प्रदीप सक्सेना की शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022